# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 291 । भोपाल, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

मासूम भतीजे को तालाब में फेंकने के बाद चाचा भी कूदा, दोनों की मौत पृष्ठ 3
- हो टुकड़े-टुकड़े टूट चुकी मानवता
- 100 साल बाद भी गोलवलकर की विरासत की काली छाया में आरएसएस पृष्ठ 4
- पत्नी ने शराब पीने से मना किया तो पति ने तालाब में लगाई छलांग, मौत पृष्ठ 6
गरीब और आदिवासियों की दुश्मन है कांग्रेस पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### हाईकोर्ट ने पुलिसकर्मियों को 14 दिन की जेल की सजा सुनाई

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात हाईकोर्ट ने गुरुवार को चार पुलिस अधिकारियों को 14 दिन की जेल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह पुलिसकर्मी एक साल पहले खेड़ा में कई मुस्लिम पुरुषों की पिटाई में शामिल थे। हालांकि, बचाव पक्ष की याचिका पर कार्रवाई करते हुए अदालत ने दोषियों को अपील करने का समय देते हुए सजा के क्रियान्वयन को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया।

### खुद को आईएएस अधिकारी बताने वाली महिला गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में खुद को आईएएस अधिकारी बताने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। बडगाम पुलिस स्टेशन को बडगाम के अलीपोरा गांव के गुलाम हसन मलिक से एक शिकायत मिली थी। इसमें श्रीनगर के राजबाग इलाके में रोज लेन नंबर 6 में रहने वाली आयुष कौल नाम की एक महिला ने खुद को आईएएस अधिकारी बताकर उसके बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने का वादा करके 6.5 लाख रुपए की धोखाधड़ी की।

### राजधानी में चुनिंदा कथानकों की आठ दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी। हिंदू पौराणिक कथाओं के चुनिंदा कथानकों और उनसे संबंधित आकृतियों की एक नया रूप में प्रस्तुत करती हुई हैदराबाद की चित्रकार अर्पिता रेड्डी की तूलिका से उभरे आधुनिक भित्ति-चित्रों की एक प्रदर्शनी-'विश्वात्मा' का राजधानी में आयोजन किया गया है। इंडिया गेट गोल चक्कर के समीप बीकानेर हाउस में लगी इस इस आठ दिवसीय प्रदर्शनी के मुख्य रूप से तीन खंड हैं जिनमें कुल 50 से अधिक कृतियां देश की पौराणिक कथाओं के महत्व और श्रेष्ठता से परिचय कराती है। इसके पहले खंड में 'नामम' शीर्षक के तहत अर्पिता की 16 पेंटिंग रखी गयी हैं जिनमें वैष्णव तिलक को विभिन्न रंगों में दर्शाया गया है।

### हाई कोर्ट से सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज की

**चेन्नई, एजेंसी।** मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को जेल में बंद तमिलनाडु के बिना विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी। बालाजी को 14 जून को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। बालाजी ने स्वास्थ्य आधार पर जमानत के लिए आवेदन किया था। न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने ईडी की इस दलील के आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया कि वो एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और अगर उन्हें जमानत दी गई तो वो सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। जज ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ए.आर.एल. सुंदरेशन और विशेष लोक अभियोजक एन. रमेश की दलील पर भी विचार किया जो ईडी की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने बताया कि सेंथिल बालाजी चार महीने की कैद के बाद भी राज्य कैबिनेट में मंत्री हैं और यह अपने आप में स्पष्ट प्रमाण है कि वो अत्यधिक प्रभावशाली हैं। ।

इजरायल-हमास जंग पर बोला विदेश मंत्रालय

# गाजा से लोगों को निकालना मुश्किल

### इजरायल से अब तक 12 सौ भारतीय नागरिकों को निकाला गया

*__नई दिल्ली, एजेंसी।__ इजरायल और फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास की जंग जारी है। इस बीच विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इजरायल से अब तक करीब 1200 भारतीय नागरिकों को निकाला गया है. इनमें 18 नेपाली नागरिक शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ऑपरेशन अजय के तहत 5 फ्लाइट में 1200 लोग वापस आए हैं और भी फ्लाइट भेजने का प्लान चल रहा है। परिस्थिति का जायजा लिया जा रहा है।'*

*ऑपरेशन अजय उन भारतीय नागरिकों की वापसी के लिए शुरू किया गया है जो कि भारत लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में पहले तकरीबन 4 लोग थे, लेकिन हमारे पास पुख्ता आंकड़े नहीं हैं। वेस्ट बैंक में 12-13 लोग थे। गाजा में स्थिति ऐसी है कि वहां से निकालना थोड़ा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि किसी भारतीय के हताहत होने की ख़बर नहीं है। केवल एक भारतीय के जंग में घायल होने की पुष्टि हुई है।*

### मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति को दिया मदद का भरोसा



*__नई दिल्ली, देशबन्धु।__ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ टेलीफोन पर बात की तथा गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमले में नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करने के साथ ही फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखने का आश्वासन दिया।*

### लोगों की जान जाने पर भारत चिंतित

*बागची ने कहा, हमने इजरायल पर हुए आतंकी हमले की निंदा की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। हमने इसके अलावा लोगों की जान जाने पर चिंता भी जताई है।' उन्होंने कहा कि हमने हमेशा फिलिस्तीन मुद्दे पर दो राष्ट्रों के समाधान के लिए प्रत्यक्ष बातचीत के पक्ष में अपना रुख दोहराया है।*

तेलंगाना में राहुल का जनता से वादा

## कांग्रेस गरीबों, किसानों और श्रमिकों की सरकार देगी



**भूपालपल्ली (तेलंगाना), एजेंसी,** राहुल गांधी ने गुरुवार को वादा किया कि तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस पार्टी राज्य में जाति आधारित जनगणना कराएगी। राहुल ने जनता से वादा किया कि कांग्रेस गरीबों, किसानों और श्रमिकों की सरकार देगी। गुरुवार को भूपालपल्ली जिले में विजयभेरी यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने जाति आधारित जनगणना को देश का सबसे बड़ा मुद्दा बताया और इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की चुप्पी पर सवाल उठाया। तेलंगाना में दूसरे दिन प्रचार कर रहे राहुल गांधी ने कहा कि जाति आधारित जनगणना एक एक्स-रे की तरह होगी जो यह निर्धारित करेगी कि देश में पिछड़े वर्गों की आबादी केवल पांच प्रतिशत है या नहीं। भारत के बजट के सिर्फ पांच फीसदी हिस्से पर ओबीसी का कब्जा है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या देश में ओबीसी आबादी केवल पांच प्रतिशत है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पहले ही छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक में जाति आधारित जनगणना का आदेश दे चुकी है। अगर हमारी पार्टी तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो सबसे पहले हम यहां तेलंगाना का एक्स-रे करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि एक्स-रे से यह भी पता चल जाएगा कि मुख्यमंत्री के परिवार ने तेलंगाना के लोगों का कितना पैसा लूटा।

उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना में एक परिवार का शासन है। देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार तेलंगाना में है। भ्रष्टाचार का तेलंगाना मॉडल दूसरे राज्यों में निर्यात किया जा रहा है। तेलंगाना राज्य के लिए आंदोलन के दौरान लोगों को उम्मीद थी कि नए राज्य में लोगों का शासन आएगा, लेकिन राज्य के गठन के बाद मुख्यमंत्री ने खुद को लोगों से दूर कर लिया। उन्होंने कहा, आपका सपना लोगों के शासन का था, लेकिन आपने पाया कि एक परिवार आप पर शासन कर रहा है।

### मेरे खिलाफ 24 मामले दर्ज कराए

चूंकि मैं भाजपा से लड़ता हूं, इसलिए उन्होंने मेरे खिलाफ 24 मामले दर्ज कराए। उन्होंने मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी और मेरा घर छीन लिया। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरी लड़ाई भाजपा और आरएसएस के खिलाफ एक वैचारिक लड़ाई है।

कांग्रेस ने जारी की 88 उम्मीदवारों की सूची, दतिया, पिछोर और गोटेगांव के प्रत्याशी बदले

## भोपाल दक्षिण से पीसी, हुजूर से ज्ञानचंदानी को दिया टिकिट



- उत्तर से आरिफ अकील के बेटे आतिफ लड़ेंगे चुनाव, गोविंदपुरा से रविन्द्र साहू को उतारा
- भाजपा से आए दीपक जोशी, शेखावत शर्मा और पटेल को मिला टिकिट

### कमलनाथ ने दी शुभकामनाएं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी करने से पहले दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मलकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। बाद में उन्होंने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी सिर्फ विधायक बनने के लिए खड़े नहीं हो रहे हैं बल्कि मध्यप्रदेश का भविष्य संवारने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। हम सब प्राण, प्रण से अपने कर्तव्य में जुट जाए और 18 साल के कुशासन का अंत करने के लिए कमर कस लें। मध्यप्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाएं।

**नई दिल्ली,/भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने देर रात अपने 88 उम्मीदवारों की सूची जारी की। इनमें 3 सीटों -दतिया, पिछोर और गोटेगांव के उम्मीदवार बदल दिए गए हैं। पार्टी ने दतिया से अवधेश नायक की जगह अब राजेन्द्र भारती को उम्मीदवार बनाया गया है। गोटेगांव से शेखर चौधरी की जगह एनपी प्रजापति को टिकिट दिया गया है। पिछोर से शैलेन्द्र की जगह अरविन्द लोधी को उम्मीदवार बनाया गया है।भोपाल दक्षिण से एकबार फिर पीसी शर्मा, हुजूर से नरेश ज्ञानचंदानी को टिकट दिया गया है। वहीं भोपाल उत्तर से आरिफ अकील के बेटे आतिफ अकील, गोविंदपुरा से रविन्द्र साहू को मैदान में उतारा गया है। भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए पूर्व मंत्री दीपक जोशी को खातेगांव से प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि बदनावर से भंवरसिंह शेखावत और जावध से समंदर पटेल को टिकिट दिया गया है। सुबावली से कुलदीप सिकरवार, मुरैना से दिनेश गुर्जर, दिमनी से रविन्द्र सिंह तोमर, अंबाह से देवेन्द्र शंखवार, भिंड से चौधरी राकेश चतुर्वेदी, गौहद से केशव देसाई, ग्वालियर से सुनील शर्मा, गुना से पंकज कनेरिया, बीना से श्रीमती निर्मला सप्रे, खुरई से रक्षा राजपूत, रेहली से इंजीनियर ज्योति पटेल, सागर से श्रीमति निधि जैन, निवाड़ी से अमित राय, दमोह से अजय टंडन, पन्ना से भरत मिलन पांडे, मैहर से धर्मेश घई, रामपुर बघेलान से रमाशंकर प्यासी, सिरमोर से रामगरीब कौल, सैमरिया से अभय मिश्रा, देवतालाब से पद्मेश गौतम, रीवा से राजेन्द्र शर्मा, सीधी से ज्ञानसिंह, देवसर से वंशमणि वर्मा, दोहानी से कमलेश सिंह, ब्योहारी से रामलखन सिंह, जयसिंह नगर से नरेन्द्र मरावी, कोतमा से सुनील सर्राफ, बांधवगढ़ से सावित्री सिंह, मानपुर तिलकराज सिंह, विजयरावगढ़ नीरज बघेल, मुरवारा से मिथलेश जैन, बोहरीबंद से सौरभ सिंह, जबलपुर केंट से अभिषेक चौकसे, पनागर से राजेश पटेल, निवास चैनसिंह, मंडला से अशोक मर्शकोले, वारा-सिवनी से विक्की पटेल, गाडरवारा सुनीता पटेल, जुन्नारदेव सुनील उईके, अमरवाड़ा से कमलेश शाह, चौरई से सुजीत मेरसिंह, सोशर से विजय चौरे, परासिया से सोहन बाल्मिक, पाढुंना से नीलेश उईके, सिवनी-मालवा से अजय बलराम पटेल, होशंगाबाद से गिरजाशंकर शर्मा, सोहागपुर से पुष्पराज सिंह, पिपरिया गुरूचरण खरे, सांची डॉ. जी सी गौतम, कुरवाई से रानी अहिरवार, इछावर से शैलेन्द्र पटेल, नरसिंहगढ़ गिरीश भंडारी, ब्यावरा से पुरुषोत्तम दांगी, सारंगपुर से काला महेश मालवीय, शुजालपुर से रामबीर सिंह सिकरवार, देवास से प्रदीप चौधरी, बागली से गोपाल बोन्साले, हरसूद से सुखराम सालवे, खंडवा से कुंदन मालवीय, नेपानगर से जेंडूबाई चौहान, बुरहानपुर से सुरेन्द्र सिंह सेरा, सेंधवा से मोन्टू सोलंकी, पानसेमल से चंद्रप्रभगा किराडे, मनावर से डॉ. हीरालाल अलावा, धार से प्रभा गौतम, बदनावर से भंवरसिंह शेखावत, इंदौर-3 से दीपक पिंटू जोशी, इंदौर-5 सत्यनारायण पटेल, अंबेडकर नगर से रामकिशोर शुक्ला, उज्जैन दक्षिण इंजीनियर चेतन प्रेमनारायण यादव, बड़नगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, रतलाम ग्रामीण से लक्ष्मण डिंडोरे, रतलाम शहर पारस सकलेचा, जावरा से हेमंत श्रीमाल, मल्लाहरगढ़ से परूसराम सिसौदिया, गरोठ से सुभाष सोजतिया, नीमच से उमराव सिंह गुर्जर, जावध से समंदेर पटैल को प्रत्याशी बनाया गया है।

शिवराज ने बिना नाम लिए कमलनाथ पर कसा तंज, बोले

## हम जनता को अपने काम बता रहे, कुछ लोग शमशान पर तांत्रिक क्रिया करा रहे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बिना किसी का नाम लिए कहा कि जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी के लोग जनता को अपने किए गए जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में बता रहे हैं, वहीं कुछ लोग शमशान घाट पर तांत्रिक क्रिया करा रहे हैं। श्री चौहान ने प्रदेश भाजपा कार्यालय से पार्टी के हाईटेक प्रचार रथों को रवाना करने के अवसर पर कहा कि इस दौरान उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हम जनता को अपने काम बता रहे हैं और कुछ लोग शमशान घाट पर तांत्रिक क्रियाएं कर रहे हैं। यह लोकतंत्र है, लोकतंत्र में साधना और उपासना अगर किसी की होती है तो जनता की होती है। लोकतंत्र, जनता के विश्वास को जीतने का माध्यम है। जनता की सेवा करो, प्रदेश का विकास करो, लोगों का कल्याण करो। भाजपा ने किया है, इसलिए जनता से वोट मांगने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूजा भी अगर करनी है तो वो श्री महाकाल के दरबार में सात्विक तरीके से होनी चाहिए। ये देख कर तकलीफ और आश्चर्य होता है कि तांत्रिक क्रियाएं करा रहे है। शमशान घाट में पूजा करने से क्या भला होगा। इसका मतलब स्वयं के ऊपर भरोसा ही नहीं है। कांग्रेस ने जनता को लूटा और बर्बाद किया। साथ ही कल्याणकारी योजनाएं बंद करने का पाप भी किया। मध्यप्रदेश को तबाह और बर्बाद करने वाले अब शमशान घाटों में जाकर बैठ रहे हैं। मीडिया में आई कुछ खबरों के अनुसार कमलनाथ को कथित तौर पर मुख्यमंत्री बनाने के लिए कुछ तांत्रिक उज्जैन में मध्यरात्रि में शमशान घाट में साधना कर रहे हैं। इससे जुड़ी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें कुछ तांत्रिक कमलनाथ की फोटो रख कर साधना करते दिख रहे हैं।

मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर बोले गहलोत

## मैं मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहता हूं, पर ये मुझे नहीं छोड़ रहा



**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर देशबन्धु।** विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान के टिकटों की सूची फाइनल करवाने के लिए दिल्ली पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को को सियासी हलकों में चल रहे तमाम सवालों के जवाब दिए। प्रदेश में चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा है और शायद छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि कुछ तो कारण होंगे कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मुझे बार-बार मुख्यमंत्री बना रहे हैं। गहलोत ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। बोले, मोदी कहते हैं कि मैं गहलोत से बड़ा ईमानदार हूं तो मैं उनको कहना चाहता हूं कि मैं मोदी से बड़ा फकीर हूं। जिंदकी में एक ईंच जमीन नहीं खरीदी, सोना नहीं खरीदा, इसलिए मोदी को बड़ा दावा नहीं करना चाहिए।प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद ईडी की कार्रवाई को लेकर भी सीएम अशोक गहलोत ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत संजीवनी घोटाले के आरोपी उनकी जांच क्यों नहीं की जा रही। गहलोत बोले, यहां के सांसद ईडी के ऑफिस में जाकर झूंठी शिकायत करते हैं और उनके कहने पर ईडी कार्रवाई के लिए आ जाती है। सांसद किरोड़ी ने तूफान मचा दिया कि लॉकर में 500 करोड़ रुपए पड़े हैं, ईडी वहां पहुंच गई।सचिन पायलट से विवादों के सवाल पर गहलोत ने गुगली फेंकी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को तकलीफ ही यही हो रही है कि इनके बीच झगड़े क्यों नहीं हो रहे हैं।

एडीआर ने विधायकों की पृष्ठभूमि का किया विश्लेषण

## मप्र में 186 मौजूदा विधायक करोड़पति

### इसमें सत्तारूढ़ भाजपा के 107 विधायक शामिल

**भोपाल/नई दिल्ली, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में 230 मौजूदा विधायकों में से 186 करोड़पति हैं, इनमें से 107 विधायक सत्तारूढ़ भाजपा के शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने सभी 230 मौजूदा विधायकों के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरण का विश्लेषण किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्लेषण किए गए 230 मौजूदा विधायकों में से 186 (81 प्रतिशत) करोड़पति हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा के 129 विधायकों में से 107 (83 प्रतिशत), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 76 (78 प्रतिशत) और सभी तीन निर्दलीय विधायकों ने एक करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश में प्रति मौजूदा विधायक की संपत्ति का औसत 10.76 करोड़ रुपए है। विश्लेषण किए गए 129 भाजपा विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 9.89 करोड़, विश्लेषण किए गए 97 कांग्रेस विधायकों की औसत संपत्ति 11.98 करोड़, विश्लेषण किए गए एक बसपा विधायक की औसत संपत्ति 96.95 लाख रुपये है और तीन निर्दलीय विधायकों की औसत संपत्ति 11.98 करोड़ रुपये है।

### करोड़पतियों में पाठक पहले, कश्यप दूसरे डागा तीसरे नंबर पर

रिपोर्ट में कहा गया है कि विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने 226.17 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जबकि रतलाम शहर विधानसभा सीट से चेतन्य कश्यप के पास 204.6 करोड़ की संपत्ति है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पंधाना (एसटी) विधानसभा सीट से भाजपा के मौजूदा विधायक राम दांगोरे के पास 50,749 रुपए की संपत्ति है। वहीं 38 विधायकों ने 1 करोड़ रुपए और उससे अधिक की देनदारी घोषित की है, जबकि कांग्रेस के बैतूल विधायक निलय विनोद डागा, जिनके पास 127.6 करोड़ रुपये की संपत्ति है, पर 54 करोड़ रुपए की देनदारी है। खुरई से भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह की आय आईटीआर में घोषित उच्च आय 97.63 लाख रुपए है।

### 64 फीसदी विधायक स्नातक

रिपोर्ट के अनुसार, 62 (33 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 5वीं और 12वीं कक्षा के बीच घोषित की है, जबकि 158 (64 प्रतिशत) विधायकों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है। चार विधायक डिप्लोमा धारक हैं, जबकि पांच विधायकों ने खुद को सिर्फ साक्षर बताया है और एक विधायक ने खुद को निरक्षर बताया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 96 (42 फीसदी) विधायकों ने अपनी उम्र 25 से 50 साल के बीच घोषित की है, जबकि 134 (58 फीसदी) विधायकों ने अपनी उम्र 51 से 80 साल के बीच घोषित की है। विश्लेषण किए गए 230 विधायकों में से 20 (9 प्रतिशत) विधायक महिलाएं हैं। 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

## कांग्रेस के 52, भाजपा के 39 विधायकों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

मध्य प्रदेश के 230 विधायकों में से कम से कम 93 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 52 कांग्रेस के और 39 सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने सभी 230 मौजूदा विधायकों के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरणों के विश्लेषण के आधार पर गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'विश्लेषण किए गए 230 मौजूदा विधायकों में से 93 (40 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें से 47 (20 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।' एक मौजूदा विधायक ने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामले की घोषणा की है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि छह मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की घोषणा की है।

महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित विधायकों के खिलाफ मामलों पर प्रकाश डालते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि दो मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा-354 के तहत मामले घोषित किए हैं।

इसमें यह भी कहा गया है कि भाजपा के 129 विधायकों में से 39 (30 फीसदी), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 52 (54 फीसदी), बसपा के एकमात्र विधायक और तीन निर्दलीय विधायकों में से एक (33 फीसदी) ने अपने हलफनामे में उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले चलने की बात स्वीकार की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्तारूढ़ भाजपा के 129 विधायकों में से 20 (16 प्रतिशत), कांग्रेस के 96 विधायकों में से 25 (26 प्रतिशत), बसपा के एकमात्र विधायक और तीन निर्दलीय विधायकों में से एक ने खुद अपने हलफनामे में उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

## सार समाचार

### झांकी में तेज आवाज बजते भजनों को रोकने पर युवक के साथ मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ थानांतर्गत ग्राम दीतलवाड़ा में झांकी में तेज आवाज भजनों की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ा। समिति के सदस्यों ने फरियादी युवक और उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नरेश मीना पिता रमनलाल मीना निवासी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके घर के पास अभिषेक सैनी ने झांकी लगा रखी है। अभिषेक झांकी में तेज आवाज में गाने चला रहा था। गत शाम उसने अभिषेक से कहा कि गाने कम आवाज में बजा ले, तो इसी बात पर से अभिषेक सैनी एवं उसका भाई अनिकेत सैनी, रवि सैनी ने गाली गलौंच कर उसके साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई फरियादी की पत्नी एवं परिजनों के साथ भी समिति सदस्यों ने मारपीट की। उक्त मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर समिति सदस्यों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### मंडी में बंपर आवक, जाम के चलते हो रही दुर्घटनाएं

**गुना, देशबन्धु।** नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में खरीफ फसलों की बंपर आवक होने से यहां आए दिन जाम के हालात बन रहे हैं। गुरुवार सुबह यहां जाम के चलते घंटों तक एक एम्बुलेंस फंसी रही। जिसे पुलिसकर्मियों ने बेमुश्किल रास्ता देकर निकलवाया। इधर शाम को जाम की स्थिति में एक बेकाबू ट्रक ने मोटर सायकिल सवार दो व्यक्तियों को रौंद दिया। जिसमें वह गंभीर घायल हो गए। जिन्हें डायल-100 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इमझरा चक निवासी चंदन सिंह एवं जंगला आदिवासी नानाखेड़ी मंडी में हम्माली करते हैं। गत शाम वह मंडी में काम करके वापस अपने घर जा रहे थे। तभी मंडी गेट पर एक बेकाबू ट्रक ने दोनों को रौंद दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल डायल-100 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

### हम फाउंडेशन में ने लगाया निशुल्क नेत्र शिविर



**गुना, देशबन्धु।** शहर के बरबटपुर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान के मंदिर पर गुरुवार को हम फाउंडेशन के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित हुआ। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अभिलाष राजपूत ने लगभग एक सैकड़ा रोगियों की जांच कर उन्हें आंखों के ड्रॉप्स और दवाइयां दी। यह आयोजन हम फाउंडेशन द्वारा कराया गया। जो प्रतिवर्ष सांस्कृतिक सप्ताह मनाती है। उसी के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। गुरुवार को निशुल्क नेत्र शिविर के दौरान भी हम फाउंडेशन के सभी सदस्यों उपस्थित रहे।

#### कॉलोनी में हो चुकी हैं 5 बार से ज्यादा चोरियां

# रेलवे कॉलोनी में चोरों और गुंडो का खौफ, पुलिस का रवैया उदासीन



**गुना, देशबन्धु।** जेपी कालेज के सामने रेलवे कॉलोनी राघोगढ़ में चोरों के हौसले बुलंद हैं। इस रेलवे कॉलोनी में पिछले दो-तीन सालों में लगभग 5 बार से ज्यादा चोरी की घटना हो गई हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस रेलवे कॉलोनी में महिलाएं और कर्मचारी भय के साए में जी रहे हैं। बीते दिन 15 अक्टूबर को इस रेलवे कॉलोनी में रहने वाले भजनलाल मीना के घर पर चोरी हो गई लगभग 60000 के घरेलू सामानों को चोर लूट ले गए। वहीं राघौगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सूत्रों के अनुसार इस रेलवे कॉलोनी में एक मंदिर है इस मंदिर के पास में रात को गांजा, शराब पीने वाले लोग इकट्ठा होते हैं, जिससे कॉलोनी में रहवासी डरे हुए रहते हैं।

अभिषेक मीना ने राघौगढ़ पुलिस को बताया है कि मेरे घर में मेरे पिता भजनलाल मां संतोष देवी और मैं रहता हूं । एवं मेरा छोटा भाई रवि कुमार सीकर (राजस्थान) में रहकर पढाई कर रहा है। गत शाम लगभग 6.40 बजे मैं घर से बालाजी अस्पताल गुना डियुटी करने चला गया था। तथा शाम लगभग 7 बजे मेरे मम्मी पापा, मेरे छोटे भाई के पास सीकर (राजस्थान) मिलने घर से निकल गये थे। घर के मेन गेट पर ताला लगाकर उसकी चाबी पड़ोसी नीतू लोधा को देकर चले गये थे। अगले दिन सुबह लगभग 05.30 बजे मुझे पड़ोसी नीतू लोधा का फोन आया कि तुम्हारे घर के मेन गेट पर ताला नहीं लगा दिख रहा तथा कुन्दी खुली हुई है और अंदर से लाईट जलती हुई दिखाई दे रही है। ऐसा लग रहा है कि तुम्हारे में चोरी हुई है।

**रेलवे कॉलोनी में बार-बार हो रही चोरिया :** रेलवे कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं ने बताया है कि इस रेलवे कॉलोनी में बार-बार चोरियां होती है। 5 बार से ज्यादा चोरी हो चुकी है। कई बार राघोगढ़ थाना में एफआईआर भी की गईं। लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। रहवासियों के अनुसार पास में मंदिर है। मंदिर के पास में रात को शराबी लोग इकट्ठा होते हैं।

हम सभी यही चाहते हैं यहां पर सुरक्षा का इंतजाम किया जाए। महिला नीतू लोधा ने बताया है कि हमारे घर में दो बार चोरी हो चुकी है। अगले साल लगभग तीन-चार लाख रुपए की चोरी हो गई राघोगढ़ थाने में जाकर एफआईआर भी करवाई, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। चोरों की डर की वजह से कई लोगों ने अपने मकान खाली कर दिए।

## कांग्रेस की सोच बड़ी इसलिए वचनपत्र भी बड़ा : जयवर्धन



**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस के घोषणा पत्र को मनगढ़ंत बता रही भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने करारा जवाब दिया है। पूर्व मंत्री के मुताबिक कांग्रेस की सोच बड़ी है और उसी आधार पर वचन पत्र भी विस्तृत और बड़ा तैयार किया गया है। जयवर्धन सिंह ने भाजपा नेताओं द्वारा वचन पत्र पर सवाल खड़े करने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहाकि भाजपा की सोच छोटी है, जबकि कांग्रेस की सोच विशाल है और जनता भी जानती है कि कांग्रेस व कमलनाथ सरकार को साल 2018 में पूरे 5 साल मिलते तो सभी वायदे पूरे किए जाते। लेकिन जनता ने तय कर लिया है कि इस बार कांग्रेस को 5 साल का कार्यकाल मिलना चाहिए। इसलिए कमलनाथ और कांग्रेस में लोग भरोसा जताने वाले हैं। जयवर्धन सिंह ने दावा किया है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो प्रदेश के किसानों को पहली बार गेहूं सहित कई फसलों का न्यूनतम मूल्य मिलेगा। आपको बता दें कि जयवर्धन सिंह राघौगढ़ से एक बार फिर प्रत्याशी होते ही जनसम्पर्क करने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने आरोन विधानसभा क्षेत्र के गांवों का दौरा किया। बताया जा रहा है कि जयवर्धन सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में जनता के सम्पर्क कर रहे हैं, इसके बाद शहरी क्षेत्र में उनके दौरे होंगे। इस दौरान उन्होंने आरोन जैन मंदिर पहुंचकर चातुर्मासरत मुनिश्री विशद सागरजी महाराज का आशीर्वाद लिया।

## मधुसूदनढ़ पुलिस ने दबोचे वारंटी

**गुना, देशबन्धु।** जिले की मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस द्वारा दो गंभीर मामलों में फरार स्थाई वारंटियों को अवैध देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बांसखेडी रोड़ की पुलिया के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में देशी कट्टा लिये हुए किसी बारदात की नियत में खड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस ग्राम बांसखेड़ी की पुलिया के पास पहुंची तो वहां पर मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का व्यक्ति खड़ा हुआ दिखाई दिया। जिसने पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम राजकुमार उर्फ भोला पुत्र बाबूलाल गुर्जर निवासी ग्राम कोलूखेड़ी थाना नजीराबाद जिला भोपाल का होना बताया।

पुलिस द्वारा जिसकी तलाशी लेने पर उसकी कमर में 315 बोर का एक देशी कट्टा खुरसा हुआ मिला, जिसे चैक करने पर उसमें एक राउण्ड लोड मिला। जिसे पुलिस द्वारा अनलोड कर कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड को विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी राजकुमार गुर्जर को गिरफ्तार कर जिसके विरूद्ध मधुसूदनगढ़ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

गौरतलब है कि अवैध कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड सहित गिरफ्तारशुदा आरोपी राजकुमार गुर्जर के विरुद्ध थाना अप.क्र. 170/16 धारा 147, 148, 149, 324, 323, 506 भादवि व माननीय न्?यायालय राघौगढ़ के प्रकरण क्रमांक 333/17 तथा मधुसूदनगढ़ थाने के ही अप.क्र. 143/19 धारा 366, 376, 34 भादवि व न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 224/19 में न्यायालयीन कार्यवाही से आरोपी के निंरतर फरार रहने पर संबंधित न्यायालयों की ओर से आरोपी राजकुमार गुर्जर की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग दो स्थाई वारंट जारी किये गये थे।

आरोपी के विरुद्ध जारी उक्त दोनों ही वारंटों में मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस को वारंटी राजकुमार गुर्जर की लंबे समय से तलाश थी, जिससे उक्त वारंटों में भी मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस द्वारा वारंटी राजकुमार गुर्जर की गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई। जिसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

## कार में भीषण आग का वीडियो वायरल



**गुना, देशबन्धु।** रुठियाई पुलिस चौकी अंतर्गत हाईवे पर गुरुवार को एक कार में भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। हालांकि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना रुठियाई के निकट टोल नाके की बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीडियो में सडक़ किनारे कार आग की लपटों से धधक रही है। वहीं पास से अन्य वाहनों का निकलना होता रहा। घटना में कार जलकर खाक हो गई। सूत्रों के मुताबिक घटना आज सुबह की बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि डिवाइडर से टकराने के बाद कार में आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है।

## कस्तूरबा कॉलेज में तीन दिवसीय युवा उत्सव का हुआ समापन



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय महाविद्यालययीन युवा उत्सव के अंतिम दिन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ युवा उत्सव का समापन किया गया। इन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने भागीदारी की। सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य डॉ. केव्ही बुनकर के द्वारा सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी गई। महाविद्यालय में युवा-उत्सव के तीसरे दिन की प्रतियोगिताएँ युवा उत्सव प्रभारी के द्वारा संपन्न करवायी गयी। प्रीति यादव, श्रीमती सोनू सिसोदिया, कीर्ति सोनी, आशा बाथम, प्रशांत आर्य ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन किया। प्रतियोगिता के अंत मैं युवा उत्सव प्रभारी पूनम पारीक द्वारा युवा उत्सव आयोजित की प्रतियोगिताओं को परिणाम घोषित किया गया। महाविद्यालय स्तर पर चयनित छात्राएं मुस्कान साहू, आरती ओझा, आरती जाटव, हेमलता अहिरवार, रविना लोधा, रचयिता सिंह सिसोदिया, रितु प्रजापति, नेहा कुशवाह, ज्योति केवट, वंदना भैरवा, संजना जाटव, राधिका धाकड़ आदि जिला स्तरीय युवा उत्सव में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में केके नंदा, अनूप श्रीवास्तव, दिवाकर तिवारी, जावेद अली, मिथुन धाकड़, अशोक कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## क्षेत्र का विकास और लोगों के जीवन में बदलाव ही मेरा संकल्प है : सक्सेना



**सीहोर, देशबन्धु।** मौजूदा सरकार शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर रही है। शिक्षा मंहगी हो गई और गरीबों के पहुंच से दूर होती जा रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हैं। लोग मंहगे उपचार के लिए मजबूर हैं। निर्माण कार्य इतने घटिया की रोड बनती है और कुछ ही महिनों में टूट जाती है। हमारी लडाई व्यक्ति से नहीं इस व्यवस्था के खिलाफ है। क्षेत्र का विकास और लोगों के जीवन में बदलाव ही मेरा संकल्प है। यह बात गुरूवार को सीहोर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने कही।

सक्सेना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम और नगर के वार्ड में सघन जनसंपर्क कर रहे हैं। गुरूवार को नगर के वार्ड 3 में शशांक सक्सेना ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ सघन जनसंपर्क किया। इंदौर नाका, दशहरा वाला बाग, भगवती कालोनी, ट्रामा सेंटर चौराहा, गंगा आश्रम, जयंती कालोनी, दांगी स्टेट, गुलाब बिहार कालोनी में घर घर पहुंचे। इस दौरान घर- घर पहुंचकर लोगों से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

## अलीपुर दशहरा उत्सव समिति का कैलाश परमार मित्रमण्डल ने किया स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर के के बढ़ते क्षैत्रफल तथा बहुतायत में आसपास के गॉवो के निवासियों ने बेहकर शिक्षा, रोजगार तथा शासकीय कर्मचारीगण, अधिकारीगणो ने सुविधा पूर्ण आवास के लिए विगत दो-ढाई दशक से आष्टा को निवास हेतु श्रैष्ठ स्थान माना है, इसी कारण आष्टा जैसे तहसील स्तर के शहर में नया दशहरा मैदान पुराना दशहरा मैदान तथा अलीपुर दशहरा मैदान सहित तीनो स्थानो पर विजयादशमी उत्सव धुमधाम से मनाया जाता है। अलीपुर दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश सिंगत हिन्दु उत्सव समिति अध्यक्ष पुरणमल नायक, पार्षद राजकुमार मालवीय, दशहरा उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष राहुल चित्तौड़ा, दीपक परमार, पीरूलाल मालवीय, विजय राजपूत, रितेश विश्वकर्मा आदि का पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार एवं साथीगण जिला पंचायत सदस्य कमलसिह चौहान, नरेन्द्र कुश्वाह, समाजसेवीगण राजेन्द्र ठाकुर, अर्जुन, अजय, शुभम शर्मा, संतोष मालवीय, मोतीलाल मालवीय आदि ने सतीश सिंगत को अलीपुर दशहरा उत्सव समिति का अध्यक्ष बनने पर उन्हे साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहना कर साथ ही समस्त समिति सदस्यो को मोतीमाला से स्वागत करते हुए पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि अलीपुर विकासोन्मुखी होकर शहर आष्टा का अंग हैं, यहा पर सास्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधि बढ़ाने हेतु अलीपुर हिन्दु उत्सव समिति एवं दशहरा उत्सव समिति बधाई की पात्र हैं।

## कांग्रेस डेढ़ सौ से अधिक सीटें जीतेगी : वर्मा



▶ पूर्व मंत्री ने किया कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यालय का शुभारंभ

**आष्टा, देशबन्धु।** आष्टा विधानसभा से कांग्रेस कमलसिंह चौहान के आज सेमनरी रोड स्थित साहू मैरिज गार्डन में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी आज मुझसे कहती है कि हमने आष्टा विधानसभा से कांग्रेस का विधायक नहीं देखा। मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस बार आष्टा विधानसभा से कांग्रेस से कमलसिंह चौहान विधायक निर्वाचित होंगे। प्रदेशभर मे 150 से अधिक सीटे जीतेगे। कमलनाथ की सरकार बनेगी। पत्रकारों को जवाब देते हुए श्री वर्मा ने कहा कि हम भाजपा की तरह झूठे नहीं हैं। अबकी बार 2 सौ पार ऐसा झूठ हम नहीं बोलेंगे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कमलसिंह चौहान ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि 35 वर्ष का वनवास को तोड़ना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो संविधान को बचा सकती है।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व नगरपालिंका अध्यक्ष कैलाश परमार ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेडी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू, जावर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद ठाकुर,महिला जिलाध्यक्ष गुलाबबाई ठाकुर,शैलेंद्र ठाकुर कुरावर, पूर्व उपाध्यक्ष खालिदपठान, मेहरवानसिंह मूंदीखेड़ी, सुनील कटारा, कार्यकारिणी, अध्यक्ष कमलसेठ, मेहरवानसिंह खड़ीहाट, सनव्वर खान, कांग्रेस प्रवक्ता इसराईल मंसूरी, प्रदीप प्रगति, अंसार अली, महेशचंद भरेवा, अफसर खान, शफीक बाबा हरिनारायण पटेल, नारायणसिंह पहलवान,मानसिंह मेहतवाड़ा, बहादुर मालवीय पार्षद, हरिसिंह भाटी मौजूद रहे।

## 2 सौ साल पुरानी सूर्य घड़ी आज भी बताती है सटीक समय



**सीहोर, देशबन्धु।** आज के तकनीकी दौर में सुई और पेंडुलम वाली घड़ियों की जगह डिजिटल वॉच ने ले ली है. पर वैदिक काल मे समय की गणना के लिए सूर्य घड़ी का निर्माण किया गया था इस प्रकार की कुछ ऐतिहासिक घड़ियां भारत में प्रसिद्ध हैं. उनकी कालगणना और समय मापन में विशेष योगदान है. ऐसी ही एक ब्रिटिश कालीन सूर्य घड़ी लगभग 2 सौ वर्षों से प्रदेश के सीहोर कलेक्टर बंगले में मौजूद हैं। इतिहासकारों से चर्चा के दौरान पता चला कि ब्रिटिश शासन काल में 1820 को घड़ी बनाई गई थी. सूर्य घड़ी संगमरमर से निर्मित है और इसका डायल आज भी सूर्य की रोशनी में सटीक समय की गणना करता है. सन 1818 में ब्रिटिश फौज के जनरल स्टुवर्ड ने सीहोर को मुख्यालय बनाया था और इसके साथ ही यहां राजनीतिक अभिकर्ता की नियुक्ति हुई थी। अंग्रेजों को भारत के साहित्य में भी रुझान था. लिहाजा सीहोर में वैधशाला बनाई गई, जिसमें इसी वैधशाला में सूर्य घड़ी स्थापित की गई जिसका डायल संगमरमर का और पत्ता अष्टधातु का है, जिसे इंग्लेंड से मंगवाया गया था। वैधशाला खत्म होने के बाद इसे कलेक्टर निवास में लगाया गया जहां ये आज भी सुरक्षित है।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मां को चुनरी भेंट कर की क्षेत्र की सुख-समृद्धि की प्रार्थना

**सीहोर, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्रि में हर साल की



तरह इस साल भी हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वाधान में लगातार 11 सालों से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की भावना को लेकर चुनरी यात्रा निकाली जा रही है, लेकिन इस वर्ष समिति के संयोजक नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आचार संहिता का पालन करते हुए सांकेतिक चुनरी यात्रा के जरिए परंपरा का निर्वाहन करते हुए वाहनों के साथ शहर के कस्बा स्थित इलाही माता मंदिर में पहुंचकर पूर्ण विधि-विधान से आरती के पश्चात मां को चुनरी अर्पित की। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को नवरात्रि के पांचवे दिवस हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वाधान में समिति के पदाधिकारी सीमित रूप में शहर के प्राचीन करोली माता मंदिर में एकत्रित हुए, जहां पर मंदिर के पुजारी सहित समिति के संरक्षक नपाध्यक्ष श्री राठौर सहित अन्य ने यहां पर विराजमान का मां का आशीर्वाद ग्रहण किया और उसके पश्चात वाहनों के साथ चुनरी लेकर कस्बा स्थित मंदिर में पहुंचे और कन्या पूजन सहित अन्य अनुष्ठान के पश्चात भव्य चुनरी मां को भेंट कर शहर के विकास और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की।

#### गरबा महोत्सव में दिखा संस्कृति, भक्ति और उत्साह का संगम

# पारंपरिक वेशभूषा में गुजराती गीतों पर उत्साह के साथ किया गरबा

**सीहोर, देशबन्धु।** सिद्धपुर गरबा महोत्सव के दूसरे दिन भी गरबों का जोरदार आगाज हुआ। माँ दुर्गा की आरती कर गरबा की शुरुआत की गई। रात तक प्रतिभागी गरबों की अलग-अलग धुन पर खूब थिरके। तीन दिवसीय सिद्धपुर गरबा महोत्सव को देखने पूरे शहर के लोग उत्साह के साथ जुट रहे हैं। गरबा महोत्सव में प्रतिभागी अलग-अलग थीम पर ड्रेसेस पहन कर आ रहे हैं। कुछ धुन पर स्टेप्स में गरबा कर रहे हैं तो कुछ फ्री स्टाइल गरबा कर मां की आराधना कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भगवती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं आरती किया गया।

गरबा महोत्सव में महिलाओं एवं बालिकाओं ने गरबा की एक के बाद एक अलग-अलग आकर्षक मनमोहन प्रस्तुतियां देते हुए मां जगदंबा की सामूहिक आराधना की। सिद्धपुर गरबा महोत्सव में गरबा के प्रशिक्षण कोरियोग्राफर नवीन चौधरी द्वारा प्रतिभागियों को विगत 15 दिनों से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित शैलेश तिवारी हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक राजेंद्र वर्मा, समाजसेवीका सुनीता सोनी, अनीता गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक के प्रदीप नागिया, अध्यक्ष आशीष गुप्ता, राजेंद्र नागर, रितेश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में गरबा की सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए। नवरात्र के अवसर पर पंडाल में श्रद्धाल, भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा और शहरवासियों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति व परंपराओं के साथ आस्था की अभिव्यक्ति प्रशंसनीय है।

### सेलिब्रिटी गेस्ट केसाथ डांडिया

आयोजित गरबा महोत्सव में देर रात तक शहरवासियों ने सेलिब्रिटी गेस्ट भारती साहू मॉडल एवं अभिनेत्री, मिस भारत वर्ल्ड वाइड 2019 म.प्र. साध्वी श्रीवास्तव एवं दीपिका सोबती मिसेज एम.पी. 2016 ब्रांड एम्बेसेडर वुमेन एमपावर मेंट 2017 अतिथि गेस्ट के साथ डांडिया खनकाते हुए गरबा नृत्य किया। माँ शक्ति के पूजन अर्चन के साथ गरबा उल्लास चरम पर पहुंचा। प्रतिभागियों ने अपने-अपने ग्रुप में जमकर गरबा खेला। राजस्थानी, गुजराती एवं फिल्मी गानों की धुनों पर शहरवासी डांडिया खनकाते हुए जमकर झूमे। आयोजन समिति के संयोजक प्रदीप नर्गीय ने आयोजन के समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# मासूम भतीजे को तालाब में फेंकने के बाद चाचा भी कूदा, दोनों की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में एक युवक ने गुरुवार को अपने मासूम भतीजे को पुलिस मुख्यालय के पीछे छोटे तालाब में फेंक दिया। यहां मौजूद लोगों ने यवक का यह कृत्य देख लिया तो पकड़े जाने के डर से उसने भी तालाब छलांग लगा दी। इस पर दोनों की डूबने से मौत हो गई। जहांगीराबाद पुलिस ने दोनों की शव बरामद किए हैं। घटना गुरुवार को पुलिस मुख्यालय के पीछे की है।

जहांगीराबाद थाना प्रभारी अजय तिवारी ने बताया कि कैसर ताज उम्र 24 वर्ष निवासी ताज किराना स्टोर वाला मकान, चिकलोद रोड जहांगीराबाद पर परिवार समेत रहता था। वह गुरुवार दोपहर अपने भतीजे अहमद ताज पिता फैसल ताज उम्र 7 वर्ष को लेने के लिए स्कूल पहुंचा। स्कूल की छुट्टी के बाद उसने भतीजे को साथ लिया और यहां से वह उसे छोटे तालाब के पुलिस मुख्यालय के पीछे खटलापुरा घाट पर लेकर पहुंचा। यहां उसने बच्चे को पानी में फेंक दिया। इसी दौरान रायसेन के रहने वाले एक व्यक्ति ने उसे ऐसा करते देख लिया और उसने शोर मचाते हुए आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। पकड़े जाने के डर से कैसर ने खुद भी पानी में छलांग लगा दी। मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद दोनों के शव तालाब से निकाल लिए और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। वहीं शाम को पोस्टमार्टम के बाद दोनें के शव परिजनों को सौंप दिए कैसर ने यह क्यों किया फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

कैसर के परिवार में बड़े भाई फैसल के अलावा दो बहनें हैं। कैसर का 6 साल का बेटा साद है। वह अहमद के साथ उसी स्कूल में एक साथ पढ़ता है। कैसर गुरुवार दोपहर स्कूल पहुंचा, जहां से उसने केवल भतीजे को साथ लिया, जबकि उस दौरान बेटा भी स्कूल की छुट्टी के बाद बाहर ही मौजूद था। कैसर का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

## पिता ने दुकान पर बैठाना कर दिया था बंद

बताया जाता है कि कैसर पहले पिता के साथ जहांगीराबाद स्थित ताज किराना स्टोर नामक दुकान पर बैठता था। लेकिन उसकी संगत गलत थी। कई लोगों ने पिता से उसकी शिकायत भी की थी। इसके बाद पिता ने उसे दुकान पर बिठाना बंद कर दिया था। इस पर वह पिता से आए दिन झगड़ा कर गल्ले से रकम निकालकर ले जाता था। विरोध करने पर मारपीट करता था। वहीं संपत्ति में हिस्से की मांग को लेकर भी आए दिन परिजनों से विवाद करता था।

## घर से निकाल दिया था

बताया जाता है कि एक महीने पहले कैसर ने पिता से मारपीट भी की थी। इसके बाद पिता ने उसे जायदाद से बेदखल कर घर से भी निकाल दिया था। इसके बाद से वह बीवी और बेटे साथ अपनी ससुराल में रह रहा था। गौरतलब है कि ताज किराना स्टोर जहांगीराबाद की प्रतिष्ठित दुकान है, जो उसके पिता ने शुरू की थी। फिलहाल, इस दुकान को पिता और कैसर का बड़ा भाई फैसल संभालते हैं।

# छात्राओं के हंगामे के बाद सुलझी समस्या

**भोपाल, देशबन्धु।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कन्या छात्रावास की छात्राओं द्वारा छात्रावास में अव्यस्वस्थाओं को लेकर बुधवार को धरना-प्रदर्शन करने के बाद कुलपति ने तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इस पर गुरुवार को कुलसचवि ने छात्रावास का निरीक्षण कर खुद की निगरानी में वहां की व्यवस्थाओं को सुधरवाया। दरअसल, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के इंदिरा कन्या छात्रावास की छात्राओं ने बुधवार को वार्डन से छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर बात की थी, लेकिन छात्राएं अपनी समस्या का हल न होते देख कुलपति के कक्ष तक पहुंच गईं। इस दौरान करीब डेढ़ सौ छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद कुलपति ने विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इस पर कुलसचवि आइके मंसूरी ने गुरुवार को छात्रावास का निरीक्षण कर जिन कमरों में पंखें खराब थे, उनमें सुधरवाया गया। साथ ही वाटरकूलर और छात्रावास परिसर की बिजली व्यवस्था को सुधारा गया।

# जेल में भूख हड़ताल कर रहे आंतकियों की हालात बिगड़ी, 2 हुए बेहोश

## होश में आने पर ड्रिप निकाल फेंकी चिकित्सकों से कहा-हाथ भी मत लगाना

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल केन्द्रीय जेल के उच्च सुरक्षा वाले प्रकोष्ठ में रखे गए स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के चार आतंकी भूख हड़ताल पर अड़े हैं। इन्होंने पिछले चार दिनों से पानी लेने से भी मना करने पर उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही है। इसके चलते बुधवार देर शाम दो आतंकी बेहोश हो गए। चिकित्सकों ने उन्हें ग्लूकोस चढ़ाया था। लेकिन देर रात होश में आते ही उन्होंने हाथ में लगी ड्रिप निकाल दी। साथ ही चिकित्सकों से हाथ लगाने के लिए भी मना कर दिया। ऐसे में जेल प्रशासन ने इनको अस्पताल में भर्ती कराने के लिए राज्य शासन को पत्र लिखा है।

गौरतलब है कि भोपाल की केन्द्रीय जेल के उच्च सुरक्षा वाले प्रकोष्ठ में रखे गए स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के चार में दो आंतकी शिवली और कमरुद्दीन को अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। वहीं, अबु फैसल और कामरान आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। लेकिन इन चारों ने जेल में सामूहिक नमाज पढ़ने और सेल से बाहर घूमने की अनुमति देने के साथ समाचार पत्र, पुस्तकालय और घड़ी मुहैया कराने की मांग को हड़ताल कर रहे हैं। जेलर सरोज मिश्रा ने बताया कि इन आतंकियों ने एक-एक कर भूख हड़ताल शुरू की थी। जेल नियमों के हिसाब से इन चारों ने लिखित में इसकी सूचना दी थी। इस पर हमने नियमानुसार उन्हें चेतावनी पत्र जारी किया। चारों ने तब भी हड़ताल खत्म नहीं की। हमने आगे की कार्रवाई करते हुए उनकी मुलाकात और चिट्ठी लिखने पर रोक लगा दी। इसके बाद भी उन्होंने भूख हड़ताल खत्म नहीं की। भूख हड़ताल कर रहे आतंकियों चारों आतंकियों को पहले तरल खाद्य पदार्थ दिया जा रहा था, लेकिन अब इन्होंने इसे भी लेना बंद कर दिया है। श्री मिश्रा का कहना है कि आतंकी डॉक्टरों का सहयोग नहीं कर रहे हैं। हाथ लगाने भर से ही भड़क जाते हैं। ड्रिप भी निकालकर फेंक देते हैं।

## कलेक्टर ने किया जेल का दौरा

उधर गुरुवार को कलेक्टर आशीष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी ने जेल का दौरा किया। इन्हें जेलर सरोज मिश्रा ने बताया कि पानी लेने से भी मना करने से बंदियों की हालत बिगड़ रही है। चिकित्सक लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए हैं। जेल के अधिकारियों द्वारा लगातार काउंसलिंग कर बंदियों को अनशन तोड़ने के लिए समझाइश भी दी जा रही है।

# जनसेवा-देशभक्ति के जज्बे के साथ कर्तव्य पथ पर उतरे नए आरक्षक

## संविधान के अनुरूप कार्य करना पुलिस का दायित्व: अनुराधा

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश पुलिस के आदर्श वाक्य जनसेवा-देशभक्ति को नागरिक सुरक्षा माध्यम से मूर्तरूप प्रदान करने के लिए पुलिस प्रशिक्षण शाला भौरी से 467 नव-आरक्षक का दीक्षांत समारोह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) श्रीमती अनुराधा शंकर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उप महानिरीक्षक अंशुमान सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

समारोह में श्रीमती अनुराधा शंकर ने कहा कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में देश का संचालन संविधान के अनुरूप किया जाता है देश की सभी संस्थाओं का दायित्व संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखना है। इसलिए पुलिस बल का मुख्य दायित्व संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए देश-प्रदेश में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना है। उन्होंने नव-आरक्षकों से कहा कि वैसे तो देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व संविधान की भावना का कद्र करना है। वर्दीधारण करने के बाद हमारा यह दायित्व का बौध कराती रहती है उन्होंने कहा कि प्रदेश में संवैधानिक व्यवस्थाएँ बनाए रखने में पहला दायित्व वर्दीधारी बल का होता है। इन दायित्वों की पूर्ति के लिए जो शक्ति हमें वर्दी से मिली है, उसका उपयोग नागरिक सुरक्षा मानवीय मूल्यों की रक्षा में करें। उन्होंने नव-आरक्षकों के परिजनों से अपेक्षा की कि परिवारजन भी उन्हें दायित्वों के निर्वाहन में सहयोगी बनेंगे।

पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण शाला श्रीमती रश्मि पाण्डे ने प्रशिक्षण शाला का प्रतिवेदन किया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान नव-आरक्षकों के शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने का कार्य किया जाता है। प्रशिक्षक अवधि में व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन का पालन करने के साथ, कानूनी प्रावधानों, कार्य प्रक्रिया, अपराध के बदलते स्वरूप से पुलिस बल की चुनौतियों के लिए तैयार किया गया है। समारोह में प्रशिक्षण के दौरान सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसमें राहुल सोनकुसरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल स्टाफ आफीसर पुलिस महानिदेशक विनीत कपूर, उप निदेशक मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी मलय जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर अंतर्विभागीय कार्यशाला सम्पन्न

# सरकारी प्रतिनिधियों ने समझा स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन का असर

**भोपाल, देशबन्धु।** जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर अंतरविभागीय कार्यशाला गुरूवार को पर्यावरण एवं नियोजन संगठन (एपको) में सम्पन्न हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में यातायात पुलिस, लोक निर्माण, उद्योग, जल संसाधन, स्कूल शिक्षा, पंचायत और, कृषि विभाग के साथ ही औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि प्रदूषित पर्यावरण का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष असर प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य पर होता है। लेकिन यातायात पुलिस, नगर निगम के कचरा संग्राहकों, उद्योग क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों पर इसका असर प्रत्यक्ष रूप से ज्यादा पड़ता है। वहीं गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग पर्यावरण प्रदूषण से अधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए छोटे-छोटे उपाय को अपने दैनिक जीवन में अपना सकता है। इनमें सार्वजनिक वाहनों अथवा साइकिल का उपयोग, यातायात संकेतक पर गाड़ी के इंजन को बंद करना, पानी का अपव्यय कम करना, पेड़ पौधे लगाना, वर्षा जल का संग्रहण, सूखे एवं गीले कचरे को अलग अलग करना, और बिजली के उपयोग को कम करना शामिल है।



इस अवसर पर गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सलिल भार्गव ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य को रोज खराब कर रहा है। पर्यावरण को प्रदूषित कर हम अगली पीढ़ी के लिए बीमारियां छोड़ रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण का प्रत्यक्ष असर हमारे श्वसन तंत्र, त्वचा, आंखों पर सबसे पहले दिखाई देता है। स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए पर्यावरण को ठीक रखना जरूरी है। एम्स चिकित्सालय के कम्युनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट के डॉ अंकुर जोशी ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग का नकारात्मक असर इंसानों, पशु, पक्षियो, नदियों, पेड़ों पर पड़ता है। वैश्विक तापमान के मात्र आधा डिग्री बढ़ जाने से ही बाढ़ आने की संभावनाएं 70 फीसीदी तक बढ़ जाती है। आधा डिग्री ग्लोबल तापमान बढ़ने पर हीट स्ट्रोक 28 फीसदी तक बढ़ सकता है। पर्यावरण एवं नियोजन संगठन के पर्यावरण रामरतन सिमैया एवं रवि शाह ने जलवायु परिवर्तन की दिशा में किया जा रहे कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय विभागों एवं गैर सरकारी संगठनों के संयुक्त प्रयासों से जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रण में लाया जा सकता है। कार्यशाला में जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ अर्चना मिश्रा, एपिडिमियोलॉजिस्ट डॉ कामिनी मेहरा, जपाइगो संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जेपी अस्पताल में मनोरोगियों का इलाज शुरु

**भोपाल, देशबन्धु।** शासकीय जय प्रकाश चिकित्सालय में संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित मनकक्ष के माध्यम से मानसिक समस्याग्रस्त लोगों को विगत लंबे समय से उपचार और मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में अब मानसिक समस्याग्रस्त लोगों को भर्ती कर उनका उपचार करना प्रारंभ कर दिया गया है। गत सप्ताह 2 मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया गया है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. आर के बैरागी ने बताया है कि अस्पताल के पुरुष और महिला वार्ड में 2-2 बिस्तर मनोरोगियों के लिए आरक्षित है जहां सिविल सर्जन और मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पिछले सप्ताह से मानसिक रोगियों को भर्ती कर मनकक्ष टीम द्वारा उनका उपचार आरम्भ कर दिया गया है। भर्ती मरीजों को नि:शुल्क दवाएं और परामर्श प्रदान कराया जा रहा है।

# एलएनसीटी में हुआ साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन



**भोपाल, देशबन्धु।** एलएनसीटी कालेज में भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए) के स्टूडेंट चैप्टर के अंर्तगत साइबर सुरक्षा पर एडवोकेट योगेश पण्डित और डॉ महेश शुक्ला के व्याख्यान हुये। इस अवसर पर एडवोकेट पण्डित ने विस्तार से प्रस्तुति कर साइबर सुरक्षा से सावधानियां एवम उपाय बताए। वहीं डॉ महेश शुक्ला ने अपने टेलीकॉम के अनुभव साझा किए। मैनेजमेंट डायरेक्टर डॉ अरविंद सिंह ने बीएमए स्टूडेंट चैप्टर का धन्यवाद किया की वे विद्यार्थियों के लिए विषय विशेषज्ञ आकार वास्तविक अनुभव का लाभ दे रहे हैं, जो मैनेजमेंट छात्रों के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम बीएमए के पब्लिक इमेज अध्यक्ष एडवोकेट जीके छिब्बर ने भी भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के स्टूडेंट चैप्टर का महत्व छात्रों को बताया एवम सदस्यता प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन उत्कर्ष गुप्ता ने और बीएमए मैनेजर आमिर खान ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का प्रबंधन प्राची यादव और अक्षत जैन ने किया, जिसमें 2सौ से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे।

# महिला आरजीपीवी नोडल हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता



**भोपाल, देशबन्धु।** राजीव गांधी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में ओरिएंटल भोपाल में आयोजित आरजीपीवी नोडल स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता मे एलएनसीटी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में ओरिएंटल को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पूर्व सेमीफाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने बंसल को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। एलएनसीटी की टीम में शैली दुबे (कप्तान), सचि जैन, पायल पवार, इशिता राय, अंशिका तिवारी, अंशिता पवार ज्योतिमा जायसवाल पलक श्रीवास्तव, शामिल थी। सभी विजेता खिलाड़ियों को डॉ. अनुपम चौकसे सचिव एलएनसीटी ग्रुप, डॉ. अशोक राय डीन एडमिनिस्ट्रेशन एलएनसीटी, बीके साहु प्राचार्य, पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर, महेश सोंधिया ने बधाई दी।

# एसबीआई ने मेनिट को दी 50 साइकिल



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टिट्यूट (मेनिट) ने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत एसबीआई ने मेनिट को 50 साइकिलों का वितरण किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य मेनिट परिसर को एक हरित परिसर बनाना है। इसके माध्यम से मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टिट्यूट के छात्र स्वास्थ्य और प्राकृतिक सौंदर्य का सामाजिक जागरूकता बढ़ा सकेंगे। साइकिल वितरण कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के उप.प्रबंध निदेशक बिनोद कुमार मिश्रा, मेनिट के निदेशक करुणेश कुमार शुक्ला, उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी दीपक कुमार झा, उपमहाप्रबंधक व्यावसायिक और प्रबंधन लोकेश चंद्र, क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक सूचना और जनसंपर्क विभाग अनिल श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक पूजा गोयल, सहित डीन पीएंडडी डॉ. गजेन्द्र दीक्षित और मेनिट की फैकल्टी और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।


## न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 306 /अ-3/2023-24
मौजा - बरखेडा नाथू तहसील हुजूर

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दीप्ति गेहलोत पत्नी श्री संजय गेहलोत निवासी सी-213 शाहपुरा भोपाल म.प्र. ने म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बरखेडा नाथू प.ह.नं. 49 तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 488/1/21 रकबा 0.0440 हेक्टेयर, स्थित ग्राम बरखेडा नाथू, भूमि का नक्शे में बटान अंकित करने का अनुरोध किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

2. उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 27.10.2023 नियत है।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16.10.2023 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील हुजूर, जिला-भोपाल**

## न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 307 /अ-3/2023-24
मौजा - बरखेडा नाथू तहसील हुजूर

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रीति चौहान पत्नी श्री अखिलेश सिंह चौहान निवासी सी-213 शाहपुरा भोपाल म.प्र. ने म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बरखेडा नाथू प.ह.नं - 49 तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 488/1/7 रकबा 0.0440 हेक्टेयर, स्थित ग्राम बरखेडा नाथू, भूमि का नक्शे में बटान अंकित करने का अनुरोध किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

2.उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 27.10.2023 नियत है।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16.10.2023 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील हुजूर, जिला-भोपाल**

## न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार, भोपाल

क्रमांक.../अ-6/2023-24

**इश्तहार**

एतद. द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष श्रीवास्तव आ. रामजीलाल श्रीवास्तव द्वारा ग्राम नयापुरा स्थित खसरा क्रमांक/प्लाट नंबर 187 ए/2 राजहर्ष कालोनी रकबा 55.76 व.मी. भूमि का नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 27.10.2023 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**

## न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 304 /अ-3/2023-24
मौजा - बरखेडा नाथू तहसील हुजूर

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती तृप्ति सोलंकी पत्नी श्री मनोज सोलंकी निवासी सी-213 शाहपुरा भोपाल म.प्र. ने म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बरखेडा नाथू प.ह.नं.- 49 तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 488/1/8 रकबा 0.0440 हेक्टेयर, स्थित ग्राम बरखेडा नाथू, भूमि का नक्शे में बटान अंकित करने का अनुरोध किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

2.उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 27.10.2023 नियत है।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16.10.2023 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील हुजूर, जिला-भोपाल**

## न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार, भोपाल

क्रमांक.../अ-6/2023-24

**इश्तहार**

एतद. द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविंद मिश्रा आ. एस.एन. मिश्रा द्वारा ग्राम नयापुरा स्थित खसरा क्रमांक/प्लाट नंबर 70 ए राजवेद गृह निर्माण रकबा 111.52 व.मी. भूमि का नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 26.10.2023 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**

In the Court Of I Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Betul
Presiding officer: श्री आदेश कुमार मालवीय
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0000333/2022)

भावेश राठोर.................. वादी
Vs
अनीश खान............... प्रतिवादी

Process Id-/ 6271/23
पेशी दिनांक:-24/11/2023

प्रेषिती-
(1) अनीश खान पिता अजीज खान उम्र 27 वर्ष जाति मुसलमान पता-निवासी क्वाटर नं. 501 छोला रोड ब्लूमून कालोनी भोपाल पुलिस थाना गौतम नगर जिला भोपाल मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी भावेश राठोर ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 एवं 140 मोटर व्हीकल एक्ट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 16 October 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील

**(आदेश कुमार मालवीय) सदस्य**
**प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बैतूल म.प्र.**

**कृपया ध्यान दे:-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

देशबन्धु

भोपाल, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# ईडी की शक्ति के स्पष्टीकरण से भाजपा को झटका

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिये गये एक अहम फैसले से केन्द्र द्वारा किये जा रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दुरुपयोग की कोशिशों को झटका लग सकता है। पिछले 9 साल से अधिक समय से जिस प्रकार मोदी सरकार ईडी का इस्तेमाल अपने राजनैतिक विरोधियों के लिये कर रही है, वह सम्भवत: दिल्ली हाईकोर्ट के इस फैसले से रुक सकता है। ईडी की शक्तियों के स्पष्टीकरण के बाबत दिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक तो है ही, इसलिये भी दूरगामी हो सकता है क्योंकि इससे भारतीय जनता पार्टी सरकार की मनमानी पर अंकुश लग सकता है। जिस तरह से ईडी, आयकर एवं सीबीआई की शक्तियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार कर रही है, उससे ज्यादातर विरोधी दलों के नेता, वैचारिक विरोधी आदि परेशान हैं, उनके लिये भी यह राहत की बात होगी।

आशीष मित्तल नामक व्यक्ति द्वारा एडुकॉम्प मामले में प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के गुरुवार को दिये फैसले में स्पष्ट किया गया कि 'धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में उस व्यक्ति की गिरफ्तारी की शक्ति शामिल नहीं है।' हालांकि अदालत ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल नामक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी पर यह महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की। मित्तल को 21 अगस्त को ईडी के समक्ष पेश होने का सम्मन जारी किया गया था। उन्हें आशंका थी कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया जाएगा या गिरफ्तार किया जाएगा अथवा बलि का बकरा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें ईसीआईआर की कॉपी नहीं दी गई थी।

जस्टिस अनूप भंभानी ने कहा कि 'गिरफ्तारी की शक्ति पीएमएलए की धारा 50 में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, जो ईडी अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों।' अदालत ने साफ किया कि 'पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने और दस्तावेजों के उत्पादन और बयान दर्ज करने की आवश्यकता की शक्ति, जो सिविल अदालत की शक्तियों के समान है, किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की धारा 19 के तहत शक्ति से अलग है।' फैसले में आगे कहा गया- 'हालांकि पीएमएलए की धारा 19 ईडी के नामित अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, जो उस प्रावधान में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन है, लेकिन यह स्पष्ट है कि गिरफ्तारी की शक्ति धारा 50 में नहीं है और न ही पीएमएलए की धारा 50 के तहत जारी किए गए सम्मन का स्वाभाविक परिणाम का कोई मतलब है।'

जस्टिस भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 19 और 50 दो अलग और विशिष्ट प्रावधान हैं और एक के तहत शक्तियों के प्रयोग को इस आशंका पर नहीं रोका जा सकता है कि इससे दूसरे के तहत शक्तियों का प्रयोग हो सकता है। अदालत ने कहा, 'अगर इसकी अनुमति दी जाती है तो पीएमएलए की धारा 50 के तहत दस्तावेज पेश करने या शपथ पर बयान देने के लिए बुलाया गया कोई भी व्यक्ति, केवल यह आशंका व्यक्त करते हुए ऐसे समन का विरोध कर सकता है कि उसे ईडी के हाथों पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति वैधानिक प्रावधान के विरूद्ध होगी।'

जस्टिस भंभानी ने इस फैसले में ईडी की शक्तियों के मनमाने दुरुपयोग पर विस्तार से व्याख्या की है। इस फैसले का न्यायिक क्षेत्र में तो असर पड़ेगा ही, वर्तमान सियासी माहौल पर भी सकारात्मक प्रभाव होगा। न्यायिक क्षेत्र में इसलिये कि इसके जरिये ईडी की शक्तियों को लेकर स्पष्टता आयेगी। फिलहाल जिन्हें गिरफ्तारी का भय दिखाकर मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह शक्तिशाली हो गये हैं, उस पर अंकुश लगेगा। अनेक विरोधी दलों के नेताओं एवं समर्थकों पर जिस तरह से ईडी के जरिये भाजपा सरकार निरंकुश हुई है, उस पर भी रोक लगने की उम्मीद है। दिल्ली सरकार के तीन मंत्री जहां ईडी मामलों में जेलों में हैं वहीं छत्तीसगढ़ में कई सरकार (कांग्रेस) समर्थकों को भी न्यायिक हिरासतों में भेजा गया है। विरोधी दलों की अनेक राज्य सरकारों को भी गिराने में ईडी सहित केन्द्रीय जांच एजेंसियों का उपयोग होता आया है। कई नेताओं ने तो इन एजेंसियों से बचने के लिये ही भाजपा की पनाह ली है। महाराष्ट्र का मामला सामने है जिसमें उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने दो बार शिवसेना (शिंदे) एवं भाजपा की संयुक्त सरकार में शामिल होकर अपने व अपनी पत्नी के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के तमाम आरोपों से मुक्ति पा ली। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो सुश्री मायावती के लिए भी कहा जाता है कि वे इसलिये भाजपा के खिलाफ नहीं जाती क्योंकि इससे वे जांच में फंस सकती हैं। पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि में भी विरोधी दलों के नेताओं के यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियों की धमक होती रहती है। जिस 'ऑपरेशन लोटस' की बात भाजपा या राजनैतिक गलियारों में होती है वह मूलत: ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिये दलबदल कराने का ही नाम है। इनका जितना दुरुपयोग भाजपा के इन 9 वर्षों में हुआ है उतना आजाद भारत में कभी नहीं हुआ।

उम्मीद है कि जिस प्रकार से न्यायपालिका ने ईडी के अंतर्गत गिरफ्तारी के एक पहलू के बाबत स्पष्टता लाई है वैसे ही इन एजेंसियों के काम-काज के बारे में और भी स्पष्टता लाई जानी चाहिये। इसके बावजूद अगर सरकार दुरुपयोग से बाज न आये तो कोर्ट अपनी शक्ति दिखलाएं।

# हो टुकड़े-टुकड़े टूट चुकी मानवता

है रानी और दुख की बात है कि अभी अस्सी साल भी नहीं बीते कि हिटलर के अत्याचार से पीड़ित एक कौम जो दर्द और मौत के समंदर में डूब रही थी, आज किसी दूसरी कौम को बेघर और बर्बाद करने पर तुल गई है। पूरी दुनिया यहूदियों के जिस दर्द को खुद के सीने में महसूस कर रही थी, अब वही यहूदी इस दर्द को महसूस करने से इंकार करते हैं। यकीन करना मुश्किल है कि वे यहूदी जिनका एक समय अपना कोई मुल्क नहीं था, आज लोगों को उनकी ज़मीन से बेदखल करने में जुटे मालूम होते हैं। उन्होंने उत्तरी ग़ाज़ा के लोगों से कह दिया है कि तुम अपने घर छोड़ दो, फिर हम वहां बमबारी करेंगे। इससे पहले कि जगह खाली होती, एक अस्पताल पर मिसाइल दाग़ दी गई। घायलों और बीमारों को इलाज के बजाय मौत मिली। वहां के घायलों को अब दूसरे अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। कोई भरोसा नहीं कि फिर वहां बम न बरसे।

बढ़-चढ़कर दावे करने वाले दोनों पक्ष यानी हमास और इज़राइल अब एक दूसरे पर इलज़ाम लगा रहे हैं कि यह जघन्य हरकत उनकी नहीं है। बताया जाता है कि पहले एक ट्वीट में इस हमले की ज़िम्मेदारी इज़राइली सेना ने ली थी फिर ट्वीट को डिलीट कर दिया गया। दोनों ओर से बच्चों की दहला देने वाली तस्वीरें जारी की जा रही हैं। अस्पताल पर हमला सबसे बड़े युद्ध अपराध बतौर देखा जाता है। दुनिया के आक़ा माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इज़राइल पहुंचकर अपने बयान में कह दिया है कि यह दूसरी टीम का काम है, जैसे ये इंसानी जिंदगियों की बात नहीं बल्कि बास्केटबॉल का कोई मैच हो। एक तरफ़ वे कहते हैं कि ग़ाज़ा के नागरिकों को राहत सामग्री पहुंचाई जाए और फिर यह भी कि हमास का यह हमला अमेरिका पर हुए 9/11 के हमले से भी बड़ा हमला है।

हमास (हरकत अल मुकम्मल अल इस्लामिया) एक आतंकवादी संगठन है और इसका मकसद है इज़राइल को ख़त्म कर एक फिलिस्तीन देश बनाना। जो विचार इस आतंकी संगठन को मज़बूती देता है वह यह है कि यहूदियों को उनकी ज़मीन पर ज़बर्दस्ती बसाया गया है और वे धीरे-धीरे उनकी ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहे हैं। बदले की इसी भावना का नतीजा है कि सात अक्टूबर को हमास ने इज़राइल पर आतंकी हमला किया जिसमे पांच सौ से ज़्यादा इज़राइलियों की जानें गईं, जिनमें महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। कई मासूम नागरिकों को बंधक बना लिया गया। पूरी दुनिया हमास के इस खूनी हमले से दहल गई। नतीज़तन कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ खुद को खड़ा बताया। जॉर्डन, सीरिया, लेबनान, इजिप्ट जैसे देश जो फिलिस्तीन से थोड़ी हमदर्दी रखते हैं, उन्होंने भी हमास की तीखी भर्त्सना की। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ऐसा ही किया लेकिन हमास के हमले के बाद इज़राइल ने हमास के आतंकवादियों की तलाश में जो भीषण हमले किए उसने दुनिया को फिर सोचने पर मजबूर कर दिया कि यह लड़ाई आख़िर किस दिशा में बढ़ रही है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने भी कहा- 'अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों का पालन अनिवार्य है और पूरी दुनिया की ज़िम्मेदारी है कि वह आतंकवाद से उन्हीं घोषणाओं के मुताबिक मुकाबला करे।' फ़िलहाल जो दिख रहा है वह है खेमों में बंटी दुनिया। अस्पताल पर हमले के बाद अरब देशों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति की जॉर्डन में तय बैठक नहीं हुई। इस बैठक में फ़िलिस्तीन के मान्यता प्राप्त हिस्से के राष्ट्रपति महमूद अब्बास भी भाग लेने वाले थे।


वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**हमास (हरकत अल मुकम्मल अल इस्लामिया) एक आतंकवादी संगठन है और इसका मकसद है इज़राइल को ख़त्म कर एक फिलिस्तीन देश बनाना। जो विचार इस आतंकी संगठन को मज़बूती देता है वह यह है कि यहूदियों को उनकी ज़मीन पर ज़बर्दस्ती बसाया गया है और वे धीरे-धीरे उनकी ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहे हैं। बदले की इसी भावना का नतीजा है कि सात अक्टूबर को हमास ने इज़राइल पर आतंकी हमला किया।**

तीसरे विश्व युद्ध की आशंका में अब दुनिया भर के नागरिक संगठन नेताओं को याद दिला रहे हैं कि फ़िलिस्तीन लम्बे अर्से से विवादित रहा है और इसके हल के लिए कभी भी ज़िम्मेदार देशों ने नतीजा देने वाले सार्थक प्रयास नहीं किए। अब भी जो बाइडेन इस वक्त जो बातें कह रहे हैं वे भी आग में पानी डालने वाली तो नहीं ही हैं। तेल अवीव में इज़राइल के प्रधानमंत्री को गले लगाकर कहना कि गाज़ा के अस्पताल पर हमला दूसरी टीम का काम है और यह 9/11 से भी बड़ा हमला है। इस बयान ने तटस्थ देशों को भी चौंकाया है। क्या चाहता है अमेरिका कि हमास को अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की तरह किसी देश में घुसकर मारा जाए; लेकिन यहां तो इस तलाश में दोनों ओर के हज़ारों बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। यह कह देना भी किस क़दर अमानवीय है कि, 'आप अपना मुल्क खाली करके निकल जाओ! हम यहां बम बरसाएंगे।' कहां जाया जाए कोई और कितने दिन किसी शरणार्थी कैंप में गुज़ारे जा सकते हैं? यूं पहले से ही जॉर्डन और इजिप्ट की सीमा पर फिलस्तीनियों के कई कैंप हैं। कौन सा देश उन्हें अपनाने को तैयार है? बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि लोग ग़ाज़ा नहीं छोड़ना चाहते। उन्हें मिसाइल का शिकार होना मंज़ूर है, दर-दर की ठोकरें खाना नहीं। पानी-भोजन की किल्लत है। वे घूम -घूमकर नलों में पानी तलाश रहे हैं। दुश्मनी का आलम यह है कि कोई राहत सामग्री भी उत्तरी ग़ाज़ा तक नहीं पहुंचने दी जा रही है। फिर भी अपनी जान की परवाह में इनमें से कुछ ने अल अहली अल अरब अस्पताल में शरण ली तो मिसाइल ने वहां आकर भी उनका काम तमाम कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास के हमले को 'नाइन-इलेवन' के हमले से भी बड़ा हमला तो बताया है लेकिन अस्पताल के क़ब्रगाह बनने पर उनका कोई तीखा बयान अब तक नहीं आया है। यह पक्षपात ही कहीं पश्चिम एशिया के इस हिस्से की उथल-पुथल का कारण न बन जाए।

यूं हज़ारों सालों का इतिहास बताता है कि यहूदी पूरी दुनिया में सर्वाधिक सताया गया समुदाय है। प्रभु ईसा मसीह स्वयं एक यहूदी (ज्यू) थे जिन्हें सलीब पर टांग दिया गया और यह मान्यता घर कर गई कि कुछ यहूदी ऐसा ही चाहते थे। ईसाइयों के बीच यहूदियों के लिए यह नफरत बढ़ती गई जो धर्म युद्ध में बदल गई। नफ़रत इस कदर फैली कि यहूदी और ईसाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। अफ़वाह फैलाई जाती थी कि यहूदी ईसाई बच्चों का खून पीते हैं या उनका धार्मिक रीति रिवाज़ों के लिए इस्तेमाल करते हैं। अठारहवीं सदी तक यह नफरत एक ख़ास किस्म की नस्लीय या जातीय भेद में बदल गई थी। यहूदी मानने लगे थे कि पूरी दुनिया उनसे नफरत करती है और उन्हें अपना एक देश बनाना ही होगा जो उन्हें मज़बूत सुरक्षा दे। उन्नीसवीं सदी के अंत में 'ज़ायोनिस्म मूवमेंट' की शुरुआत हुई। इस वक्त कुछ यहूदी येरूशलम में आकर बसने लगे। यह उनके लिए पवित्र स्थान था। ठीक वैसे ही येरूशलम ईसाईयों और मुसलमानों के लिए भी आस्था स्थल है। आज यह इज़राइल के पास है। तब वहां कोई ग़ाज़ा नहीं था, न कोई इज़राइल और न कोई वेस्ट बैंक। केवल फिलिस्तीन था, खाली ज़मीन के साथ। तब वहां ओटोमन साम्राज्य था और यहां तीनों यानी मुसलमान, ईसाई और यहूदी अमन से रहते थे।

अमन यह शब्द यहां उस दिन से खो गया जिस दिन हिटलर के बंकर से ख़बर आई कि ख़ुदकुशी के बाद 'तानाशाह मर गया।' इसके बाद दुनिया को शांति से भर जाना चाहिए था कि अब कोई जंग नहीं। आज के हालात देखकर लगता है कि इस दुनिया के हुक्मरान अब भी जंग के प्यासे हैं। उनकी हुकूमत को बड़ा आसरा युद्ध में काम आने वाले हथियार देते हैं। वे इस आग को सुलगाए रखना चाहते हैं। दुनिया का बंटवारा भी मन मुताबिक कर जाते हैं। धरती पर ऐसी आड़ी-तिरछी रेखाएं खींचतें हैं कि मानवता बस रोती ही चली जाती है। हिंदुस्तान अपने सीने पर लगे उस घाव को कैसे भूल सकता है जब शरणार्थियों की बाढ़ आई थी। वह अकेले कहां आई थी साथ नफरत भी लाई थी। फिलिस्तीन में भी यही हुआ। नफ़रत की लड़ाई जारी है। फिलहाल इनके नाम हमास और इजराइल हैं। ख़ात्मा कर दो हमास का लेकिन यह पक्का इरादा दिखना चाहिए। यह लड़ाई इतनी ईमानदार नहीं जितनी राम की रावण के विरुद्ध थी। कोई दुविधा नहीं थी वहां। एक ही लक्ष्य बुराई और आतंक का ख़ात्मा। इस दौर में उम्मीद की जानी चाहिए कि दुनिया के अच्छे नागरिक सड़कों पर निकलकर इन हुक्मरानों को शांति की भाषा बोलने के लिए प्रेरित करें। ठीक ऐसा ही वियतनाम युद्ध के समय भी हुआ था।

रसूल हमजातोव की एक कविता है- 'भाई', जिसका अनुवाद फैज़ अहमद फैज़ ने किया है-

आज से बारह बरस पहले बड़ा भाई मरा
स्तालिनग्राद की युद्धभूमि में काम आया था
मेरी मां अब भी लिए फिरती है पहलू में ये ग़म
जब से अब तक पहने हुए है शोक की चादर
और उस दुख में मेरी आंख का गोशा तर है
अब मेरी उम्र बड़े भाई से कुछ बढ़कर है

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# 100 साल बाद भी गोलवलकर की विरासत की काली छाया में आरएसएस

मुंबई में 4-5 अक्टूबर 2023 को आयोजित अपनी वार्षिक संगोष्ठी में 'इंडिया टुडे' ने आरएसएस पर केन्द्रित एक सत्र भी रखा था. सत्र का विषय था, 'आरएसएस के 100 वर्ष: एम.एस. गोलवलकर अब भी क्यों टिके हुए हैं?' सत्र में विभिन्न विचारधाराओं के वक्ताओं ने हिस्सेदारी की। इसमें गोलवलकर से जुड़े मुख्यत: दो विषयों पर चर्चा हुई: पहला राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना और अल्पसंख्यकों के प्रति उनका दृष्टिकोण और दूसरा, भारत के संविधान की उनकी आलोचना। उनकी सोच के भारत की वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर प्रभाव पर विशेष बात नहीं हुई, खासकर इस संदर्भ में कि भारत में आज अल्पसंख्यकों की स्थिति दोयम दर्जे के नागरिकों की है और भारतीय संविधान की आलोचना में सरकार के शीर्ष पदाधिकारी सबसे आगे हैं।

गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'व्ही आर अवर नेशनहुड डिफाइंड' में लिखा, 'जर्मनी का अपनी नस्ल पर गर्व आज चर्चा का विषय है। अपनी नस्ल और संस्कृति की शुद्धता को बनाए रखने के लिए जर्मनी ने अपने देश से यहूदियों का सफाया कर सारी दुनिया को चौंका दिया। जर्मनी में नस्ल को लेकर गर्व की भावना अपने सर्वोच्च स्वरूप में दिखाई देती है। जर्मनी ने यह भी दिखाया है कि जिन नस्लों और संस्कृतियां में अंतर उनकी जड़ों तक व्याप्त हैं, उन्हें एक इकाई में समाहित करना असंभव है। हिन्दुस्तान में भी हम इस सबक को सीख सकते हैं और उससे लाभ उठा सकते हैं।' इसके जवाब में हिन्दू राष्ट्रवादी वक्ताओं ने कहा कि इस अंश को उसके संदर्भ से हटा कर नहीं देखा जाना चाहिए और यह भी कि चन्द पंक्तियां किसी व्यक्ति या किसी संस्था की विचारधारा को प्रतिबिंबित नहीं कर सकतीं।


राम पुनियानी

**सन् 1937 में गोलवलकर ने जो कहा था वह आज जमीनी सच्चाई बन गया है। एक के बाद एक घटनाओं के जरिए अल्पसंख्यकों को यह स्पष्ट संदेश भेजा जा रहा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक हैं, वे भारत में केवल एक हाशियाकृत समुदाय के रूप में रह सकते हैं और उन्हें नागरिक अधिकार नहीं दिए जा सकते। जिस समय देश में जगह-जगह लिंचिंग की घटनाएं हो रहीं थीं तब भागवत और उनके गिरोह के होंठ सिले हुए थे।**

इसके जवाब में एक पैनेलिस्ट ने सन् 1972 में 'द इलस्ट्रेटिड वीकली ऑफ इंडिया' के संपादक खुशवंत सिंह द्वारा लिए गए गोलवलकर के साक्षात्कार से उद्धत करते हुए कहा कि गोलवलकर का कहना था कि 'ऐतिहासिक कारणों से मुसलमानों की वफादारियां विभाजित हैं परंतु इसके लिए हिन्दू और मुसलमान दोनों जिम्मेदार हैं।' इसमें हम यह भी जोड़ सकते हैं कि आरएसएस के वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत ने सन् 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में बोलते हुए इससे भी नरम रूख अपनाया था। बाद में उन्होंने यह भी कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। मोहन भागवत ने लिंचिंग करने वालों को खरीखोटी सुनाते हुए यह भी कहा था कि 'ऐसा करने वाले हिन्दुत्व के विरोधी हैं...यद्यपि कुछ मौकों पर लोगों के खिलाफ लिंचिंग की झूठी शिकायतें भी की गईं हैं... इस भय के दुष्चक्र में मत फंसिये कि भारत में इस्लाम खतरे में है...।'

सन् 1939 में प्रकाशित पुस्तक से लेकर 1972 के साक्षात्कार तक और उससे लेकर आरएसएस के वर्तमान मुखिया के वक्तव्य तक - संघ परिवार की कथनी लगातार बदलती रही है। परंतु उसकी करनी का क्या? आरएसएस की शाखाओं और उसके द्वारा संचालित स्कूलों में जो बताया-पढ़ाया जाता है, उसका क्या? भाजपा के आईटी सेल और कई मुख वाले संघ परिवार के नियंत्रण वाले सोशल मीडिया द्वारा जो प्रचार किया जाता है उसका क्या? संघ की शिक्षाएं विशुद्ध नफरत पर आधारित हैं। इस संगठन के प्रभाव को समझने के लिए केवल उसके शीर्ष नेतृत्व के कथनों पर ध्यान पर्याप्त नहीं होगा। हमें यह भी देखना होगा कि संघ की सोच का सामाजिक ताने-बाने पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और असहाय मुस्लिम अल्पसंख्यक उसके कारण क्या भोग रहे हैं?

एक तरह से सन् 1937 में गोलवलकर ने जो कहा था वह आज जमीनी सच्चाई बन गया है। एक के बाद एक घटनाओं के जरिए अल्पसंख्यकों को यह स्पष्ट संदेश भेजा जा रहा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक हैं, वे भारत में केवल एक हाशियाकृत समुदाय के रूप में रह सकते हैं और उन्हें नागरिक अधिकार नहीं दिए जा सकते। जिस समय देश में जगह-जगह लिंचिंग की घटनाएं हो रहीं थीं तब भागवत और उनके गिरोह के होंठ सिले हुए थे। इस विशाल संगठन की विभिन्न शाखाओं के बीच इतनी होशियारी से 'श्रम विभाजन' किया गया है कि जमीन पर हो रही घटनाओं का पितृसंगठन की छवि पर कोई असर नहीं होता। शाखाओं में स्वयंसेवकों को पहले ही पकाकर तैयार कर दिया जाता है। फिर संघ के पूर्व प्रचारक और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री इशारों ही इशारों में उन्हें निर्देश देते हैं-'हम दो हमारे दो, वो पांच उनके पच्चीस', 'उन्हें उनके कपड़ों से पहचाना जा सकता है', 'श्मशान-कब्रिस्तान', 'राणा प्रताप ने गाय की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया' आदि आदि। ये समाज में नफरत और हिंसा फैलाने के निर्देश होते हैं और लोगों को धर्म के आधार पर ध्रुवीकृत करने के भी।

जो कुछ देश में आज हो रहा है उसे संघ परिवार के शीर्ष नेतृत्व का अनुमोदन हासिल है। तभी तो हत्या के आरोपियों को उनके सांसद मालाएं पहनाते हैं। तभी तो बिलकिस बानो का बलात्कार करने वालों को जेल से जल्दी रिहा कर दिया जाता है और उनका सार्वजनिक अभिनंदन होता है। तभी तो मुसलमानों के एक बड़े तबके को एनआरसी-सीएए के नाम पर मताधिकार से वंचित करने का प्रयास होता है। तभी तो मुसलमान दुकानदारों के बहिष्कार की अपीलें होती हैं। तभी तो मुसलमानों से कहा जाता है कि अगर उन्हें अपनी जान की फिक्र है तो वे अपना घर-गांव छोड़कर चले जाएं। क्या गोलवलकर ने सन् 1939 में यही सपना नहीं देखा होगा?

जहां तक संविधान का सवाल है, आरएसएस के अनाधिकृत मुखपत्र 'आर्गनाईजर' ने गोलवलकर के आरएसएस का मुखिया होने के दौरान लिखा था, 'किन्तु हमारे संविधान में प्राचीन भारत में हुए अनूठे संवैधानिक विकास का कोई उल्लेख नहीं हैं। मनु द्वारा विरचित नियमों का रचनाकाल स्पार्टा और पर्शिया में रचे गए संविधानों से कहीं पहले का है। आज भी मनुस्मृति में प्रतिपादित नियम पूरे विश्व में प्रशंसा पा रहे हैं और इनका सहज अनुपालन किया जा रहा है। किंतु हमारे संवैधानिक पंडितों के लिए यह सब अर्थहीन है'।

इस सबका राष्ट्रवादी यह कहकर बचाव करते हैं कि किसी भी मुद्दे पर लोगों के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। यह बिल्कुल सही है। क्या हम यह भूल सकते हैं कि विज्ञान भवन में अपने व्याख्यानों में मोहन भागवत ने भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया था। परंतु करनी और कथनी में अंतर का शानदार उदाहरण पेश करते हुए हिन्दू राष्ट्रवादी समूह के चिंतक-विचारक उसी संविधान के प्रजातांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी चरित्र पर तीखे हमले कर रहे हैं और जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी का कहना है कि 'भारत को केवल संविधान से बंधे एक नागरिक राष्ट्र के रूप में देखना, उसके इतिहास, उसके प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता को अनदेखा करना होगा। मैं भारत को एक सभ्यतागत राज्य के रूप में देखती हूं।'

एक अन्य राष्ट्रवादी चिंतक जे. साई दीपक का तर्क है कि हमारा संविधान उपनिवेशवाद की निशानी है और उसकी जड़ें ईसाई मूल्यों में हैं। उनका कहना है कि भारतीय संविधान को धर्म, संस्कृति, इतिहास, शिक्षा, भाषा आदि की दृष्टि से औपनिवेशिक मूल्यों से मुक्त करने के लिए सबसे पहले हमें अपने दिमाग को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करना होगा। वे यह भी मानते हैं कि औपनिवेशिक भाषा में सोचने से किसी व्यक्ति की सोच भी औपनिवेशिक हो जाती है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद के मुखिया बिबेक देबराय का मानना है कि हमारा संविधान औपनिवेशिक विरासत है और वे उसमें समाहित समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समानता और स्वाधीनता जैसे मूल्यों पर प्रश्न उठाते हैं। अनमने भाव से हमें यह बताया गया है कि देबराय, उनकी अध्यक्षता वाली परिषद के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते परंतु सच यह है कि आज संघ की विचारधारा ठीक वही है जो गोलवलकर चाहते थे।

संघ के मूल एजेंडा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। हां, कड़वी गोली को खाने लायक बनाने के लिए उस पर चाशनी लपेटने की कोशिशें जरूर हुई हैं।

आयोजन में कुछ वक्ताओं ने गोलवलकर को 'आउटडेटिड' बताया। सच यह है कि तारीख और सन् के हिसाब से वे भले ही आउटडेटिड हों परंतु उनकी विचारधारा, उनकी सोच और उनका एजेंडा ही देश पर लादा जा रहा है।

*(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)*

## पावन प्रसंग

# प्राण ऊर्जा शक्तियों को जागृत करने का उपयुक्त काल नवरात्र

मनुष्य के शरीर में कुल सात चक्र हैं-मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्त्रार। भौतिक सुख से लेकर आध्यात्मिक दर्शन तक सम्पूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए शरीर के पृथक-पृथक हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करके मूलाधार से लेकर सहस्त्रार चक्र के इन शक्तियों को जागृत किया जाता है। इस प्रक्रिया में शरीर की दो नाड़ियां-इड़ा और पिंगला, जब संतुलित होती हैं, तो उर्जा सुषुम्ना नाड़ी से प्रवाहित होती है। शक्ति एक प्राण ऊर्जा के रूप में नाड़ी से बहती है, जो हमारी नासाग्र दाहिने और बाएं स्वर से पता चलता है। ज्योतिषीय मान्यतानुसार सभी ग्रहों के स्वरूप सात चक्र हैं और इन चक्रों से परे हैं दो ग्रह-राहु और केतु। यह प्राण ऊर्जा ही ब्रह्म स्वरूप है, जो सात्विक भोजन से प्राप्त होती है, ब्रह्ममुहूर्त में नित्य उठने से गतिमान होती है, प्राणायाम से जगती है। धारणा से केंद्रित होती है। ध्यान से ऊपर की ओर चक्रों में बढ़ती है। भय और नकारात्मक सोच से ये सिकुड़कर कम होती है। तामसिक भोजन, कर्म, वार्ता से नीचे के चक्रों में गिरती है। दूसरों से आत्मिक प्रेम और जीवो से प्रेम से विस्तृत होती है। इस ऊर्जा का प्रबंधन ठीक से व्यवस्थित कर लिए जाने से असाधारण सफलता भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इन शक्तियों को जगाने का सर्वोत्तम काल नवरात्रि का माना गया है। नवरात्रि में हर दिन एक विशेष चक्र को जाग्रत किया जाता है, जिससे साधक को ऊर्जा प्राप्त होती है।

पौराणिक मान्यतानुसार माता भगवती, प्राण शक्ति का शरीर के सात चक्र और दो नाड़ियों में संचरण करके अंत में सुषुम्ना से प्रवाहित कर हमारे जीवन के सभी पहलुओं में सन्तुलन बनाती है। सामान्यत: मनुष्य की समस्त ऊर्जा मूलाधार चक्र अर्थात कामेंद्रियों के ऊपर होती है। साधक, योगीजन नवरात्रि में ध्यान के माध्यम से मूलाधार में स्थित अपनी ऊर्जा को सहस्त्रार चक्र तक लाते हैं। सांसों के नियंत्रण और ध्यान से इस ऊर्जा को ऊपर खींचा जा सकता है। जैसे-जैसे साधक ऊर्जा को एक-एक चक्र से ऊपर उठाते जाते हैं, उनके व्यक्तित्व में चमत्कारी परिवर्तन दिखने लगते हैं। नवरात्रि में पहले दिन इस शक्ति प्राण ऊर्जा को मूलाधार चक्र में उर्ध्व गमन किया जाता है। नवरात्रि की प्रथम पूज्य माता शैलपुत्री को अखंड सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है। इस दिन साधक अपनी शक्ति मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं, और योग, साधना करते हैं। मूलाधार अर्थात मूल चक्र मनुष्य की प्रवृत्ति, सुरक्षा, अस्तित्व और मौलिक क्षमता से संबंधित है।

नवरात्रि के छठे दिन दुर्गा के कात्यायनी रूप की पूजा-उपासना करने से आसुरी प्रवृत्ति व शत्रुता का नाश होता है। इस दिन साधक का मन आज्ञा अर्थात ललाट चक्र में अवस्थित होता है। दोनों भौहों के मध्य स्थित आज्ञा चक्र का प्रतीक दो पंखुडियों वाला कमल है और यह सफेद, नीले या गहरे नीले रंग से मेल खाता है। आज्ञा का मुख्य विषय उच्च और निम्न अहम को संतुलित करना और अंतरस्थ मार्गदर्शन पर विश्वास करना है। आज्ञा का निहित भाव अंर्तज्ञान को उपयोग में लाना है। मानसिक रूप से आज्ञा दृश्य चेतना, और भावनात्मक रूप से आज्ञा शुद्धता के साथ सहज ज्ञान के स्तर से जुड़ा होता है। इस चक्र में बाधा के कारण व्यक्ति पुराने मान-अपमान, अपराध बोध आदि से ग्रसित रहता है। सिर दर्द, तनाव आदि बने रहते हैं। क्षमाशीलता का अभाव होता है। आज्ञा चक्र भेदन में सफलता प्राप्त व्यक्ति अज्ञात भय से मुक्ति पा लेता है। और परमात्मा की झलक अधिक समय के लिए प्राप्त करने में आध्यात्मिक सफलता प्राप्त कर लेता है।

**अशोक प्रवृद्ध-सुमन सागर**

## आपके पत्र

# बेरोजगारी में डूबता गांव का युवा

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले दस सालों में भारत दुनिया की तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। केवल आर्थिक मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि साइंस और टेक्नालॉजी के क्षेत्र में भी भारत दुनिया का सिरमौर बनता जा रहा है। आर्थिक क्षेत्र में मज़बूती के कारण भारत का सामाजिक क्षेत्र भी प्रगति कर रहा है लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि जिस तेज़ी से तरक्की हो रही है, उसकी अपेक्षा लोगों को रोज़गार नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से देश में बेरोज़गारी की दर भी बढ़ती जा रही है। देश का कोई राज्य ऐसा नहीं है, जहां बेरोज़गारों की फ़ौज नहीं खड़ी है। इसका सबसे बुरा प्रभाव देश के ग्रामीण क्षेत्रों को हो रहा है, जहां युवा टेक्निकल स्किल की कमी के कारण रोज़गार की दौर में पिछड़ रहे हैं।

पहाड़ी राज्य उत्तराखण्ड का ग्रामीण क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। जहां बड़ी संख्या में युवा बेरोज़गार हैं। रोज़गार की तलाश में युवा बड़े शहरों और मैदानों की ओर पलायन को मजबूर हो गए हैं। दरअसल इन बड़े शहरों और मैदानी इलाक़ों में काम के ऐसे अवसर मौजूद हैं कि वह कुछ न कुछ करके जीवनयापन कर लेते हैं, परंतु पर्वतीय क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर बहुत सीमित हैं, जिससे उनका जीवनयापन मुश्किल हो जाता है। पर्वतीय क्षेत्रों के आजीविका संवर्धन के साधन मौसम, जंगली जानवर, बाजारीकरण व नवीन तकनीकी के अभाव पर निर्भर रहते हैं। जिस पर रोजगार की गारंटी न के बराबर होती है। राज्य के लिए बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। रोज़गार के सीमित अवसरों के कारण बेरोजगारों की संख्या में प्रतिदिन इजाफा हो रहा है जिसके चलते युवाओं द्वारा परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों का रुख किया जा रहा है। इससे राज्य में पलायन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

अक्सर युवाओं को रोजगार दिये जाने की बात कही जाती है पर यदि ऐसा होता तो सेवा योजन कार्यालयों में फाइलों के गठ्ठे न होते और ना ही एक पद पर आवेदन करने वालों की संख्या हजारों में होती। आलम यह है कि राज्य में बेरोजगारों की संख्या तो लाखों में है, मगर नौकरी के अवसर बहुत ही सीमित हैं जिससे राज्य के हज़ारों उच्च शिक्षित नौजवानों के हाथों में मज़दूरी का काम थमा दिया है। इस संबंध में, हल्द्वानी, नैनीताल के युवा टेम्पो चालक पंकज सिंह बताते हैं कि वह एमएससी प्रथम श्रेणी से पास हैं। उन्होंने सरकारी नौकरी के लिए कई परीक्षाएं दीं, लेकिन कभी पेपर लीक तो कभी धांधली के चलते परीक्षाएं निरस्त कर दी गईं। जिससे उन्हें हमेशा निराशा ही हाथ लगी। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी के चलते उन्होंने निजी कम्पनी में कार्य भी किया, लेकिन कंपनी द्वारा अत्यधिक शोषण के कारण इन्होंने नौकरी छोड़ दी और टेम्पो चलाने का फैसला किया। वह बताते हैं कि कई युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद या तो नौकरी की तलाश में बेरोजगार घूम रहे हैं अथवा मामूली तनख्वाह पर शोषण सहने को मजबूर हैं।

हालांकि सरकार द्वारा बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। आजीविका के साधन उपलब्ध कराने और लोगों की आय को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वरोज़गार पर फोकस किया जा रहा है। इसमें पीएम-दक्ष, मनरेगा, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं को लागू किया गया है। इसके अतिरिक्त सब्सिडी द्वारा कई योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है।

**बीना बिष्ट, हल्द्वानी, उत्तराखंड**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराली में स्वास्थ्य मेला आज

**हरदा, देशबन्धु।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराली में स्वास्थ्य मेला 20 अक्टूबर को आयोजित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि यह मेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराली में प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक आयोजित होगा। मेले में अमलतास मेडिकल कॉलेज देवास के चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। मेले में प्रमुख रूप से एमड़ी मेड़िसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, आँख, नाक, गला रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञो द्वारा स्वास्थ्य परिक्षण कर उपचार व परामर्श दिया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस नि:शुल्क आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठावे।

### सुविधा एप के माध्यम से उम्मीदवार भर सकेंगे ऑनलाइन नामांकन

**हरदा, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिये कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकता है। जमानत राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकता है। नामांकन फॉर्म के साथ अभ्यर्थी को फॉर्म 2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि आगामी 30 अक्टूबर है। किसी भी अभ्यर्थी को उसके आपराधिक रिकॉर्ड के प्रकाशन के लिये प्रारूप सी 1 एवं सी 4 देना होगा।

### शिशु वाटिका मातृगोष्ठी सम्पन्न

**बैतूल, देशबन्धु।** सरस्वती विद्या मन्दिर कालापाठा में शिशु के सर्वांगीण विकास व लालन-पालन, परिवेश, खानपान, स्वास्थ्य में मां की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जिस विषय को लेकर विद्यालय में 'मातृगोष्ठी' का आयोजन किया गया। जिसमें 60 माताएं उपस्थित रही। वक्ता के रूप में शिशु वाटिका प्रान्त प्रमुख सुरेखा ठाकुर एवं रानू उपाध्याय ने सभी माताओं को जानकारी दी। श्रीमती ठाकुर द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं प्रतिमाह पुष्य नक्षत्र में शिशुओं को पिलाए जाने वाले सुवर्ण प्राशन के बारे में माताओं के बताया गया।

मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित की प्रतियोगिता

# विद्यार्थियों ने पेंटिंग बनाकर बताया लोकतंत्र में मतदान का महत्व



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप अभियान के अंतर्गत, मतदाता जागरूकता विषय पर निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पेंटिंग में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और मतदान केंद्र, मतदाता की ताकत, लोकतंत्र में मतदान के महत्व को पेंटिंग के माध्यम से दर्शाया। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन नीति आयोग के सदस्य गांधी फेलो संतोष कुमार राय एवं मोहम्मद नौशाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी को प्रेरित करने एवं मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के निर्णायक दल समीक्षा जैन, भारती पंथी, पुष्पा तिवारी ,कविता द्विवेदी सरिता अग्रवाल ने निरीक्षण कर विजेताओं का चयन किया। निबंध में प्रथम स्थान वंशिता विश्वकर्मा 12वीं कॉमर्स, द्वितीय स्थान सिद्धि दांगी 12वीं कॉमर्स तृतीय स्थान सौरभ साहू 12वीं कला ने प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मधु कुशवाहा 12वीं कॉमर्स, द्वितीय स्थान हर्षिता अहिरवार 11वीं कला, तृतीय स्थान रिया दांगी 12वीं कला और रोहित नाथ 11वीं कला ने प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य एम सी शर्मा, स्वीपप्रभारी दिनेश ओझा, निलेश अहिरवार, प्रशांत श्रीवास्तव, अनिल दुबे, सचिन खापरे, प्रीति सक्सेना, वंदना मिश्रा द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वयंसेवक उदित रघुवंशी, राजनंदन दांगी, सुमित शर्मा,साहिल यादव, रोहित रजक, विशाल अहिरवार का विशेष सहयोग रहा।

# नवरात्रि: पुराना मेला ग्राउंड में गरबा-डांडिया की धूम



**गंज बासोदा, देशबन्धु।** लकी फ्रेंड ग्रुप के तत्वावधान में नवरात्रि के पावन पर्व पर तीन दिवसीय गरबा एवं डांडिया महोत्सव का आयोजन पुराना मेला ग्राउंड स्थित मानस भवन में आयोजित किया जा रहा। जिसमें 18 अक्टूबर को गरबा में भाग लेने वाले बच्चे और अतिथि आलोक भार्गव जेल प्रभारी,नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर ने माता रानी की पूजा अर्चना आरती कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। गरबा एवं डांडिया में लगभग 385 बच्चो ने भाग लिया जिनके द्वारा गरबा एवं डांडिया की विशेष प्रस्तुतिया दी गई ।आयोजक समिति द्वारा पूरे ग्राउंड को विशेष सज सजा के साथ सजाया गया जिसमे छोटे छोटे बच्चो द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है जिसे देखने के लिए सेकडो की संख्या में आम जन पहुंच रहे है। 20 अक्टुबर को कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। आयोजक समिति में राघवेंद्र औदीच्य,अभिकांत वर्मा,पीयूष सोनी,मुकेश सेन, स्वप्निल जैन,सौरभ जैन सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल है।

# क्षत्रिय लोणारी कुन्बी महिला संगठन के 2 दिवसीय ताप्ती गरबा महोत्सव का समापन



**मुलताई, देशबन्धु।** क्षत्रिय लोणारी कुन्बी महिला संगठन केतत्वाधान मेंआयोजित दोदिवसीय मां ताप्ती गरबा महोत्सव सावरीया लॉन मे संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में संगठन की महिलाओं ने भाग लिया। ताप्ती तट पर आयोजित ताप्ती गरबा महोत्सव मेमुख्य अतिथी मीनाताई चंद्रशेखरदेशमुखत था मधुताई सुखदेव पान्सेथी। इस महोत्सव में वरीष्ठ महिलाओं में मीराताई बोडखे, मीनाताई मानकर, वेणुताई माथनकर, मंदाताई बारस्कर, सुमनताईकवडकर, चंद्रकलाताई माथनकर द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

# शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे साधना सिंह और कार्तिकेय



**भेरूंदा /नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह चौहान एवं पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी विजय सोनी के पिताश्री राम नारायण सोनी का निधन हो जाने पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। उनके साथ में भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ सिंह भाटी, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल, चंद्रकांत खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, देवी सिंह बेड़ा, कपिल खंडेलवाल, सुरेश माहेश्वरी ,ओम पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# माता मंदिर से निकाली चुनरी पदयात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु





**रायसेन, देशबनधु।** हर वर्ष की तरह इस बार भी शारदेय नवरात्र की पंचमी तिथि गुरुवार को शहर में विशाल चुनरी पदयात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर के सांची मार्ग स्थित माता मंदिर से पूजा अर्चना करने के पश्चात चुनरी पद यात्रा प्रारंभ की गई, जिसका शहर में अनेक स्थानों पर हजारों श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, चुनरी पद यात्रा में शहर सहित आसपास के सैकड़ों गांव के लोग शामिल हुए, सबसे ज्यादा संख्या महिला श्रद्धालुओं की देखने में आई। चुनरी पद यात्रा में डीजे, ढोल, ढमाके तासे मयूर नाच, ऊट पार्टी, घोड़े डांस करते हुए, साथ में काली जी की झांकी, चुनरी पदयात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। देखने के लिए सड़क के आसपास हजारों की तादात में श्रद्धालु जमा थे, जगह जगह श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी चलाकर चुनरी का स्वागत कर दर्शन किया। प्रतिवर्ष चुनरी पद यात्रा का आयोजन समाज सेवी एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जमना सेन द्वारा किया जाता है, जिसमें स्वास्थ मंत्री एवं सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ प्रभु राम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने चुनरी पद यात्रा का स्वागत किया। चुनरी यात्रा का स्वागत श्री हिंदू उत्सव समिति सहित अनेक धार्मिक संगठन एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी पुष्प वर्षा के साथ किया। इसके अलावा सागर मार्ग पर भी कई जगह स्वागत किया गया, डॉक्टर चौधरी के श्रीराम परिसर के सामने भी उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर नीरा चौधरी एवं उनके समर्थकों द्वारा चुनरी पदयात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पाटन देव से चुनरी पद यात्रा सागर मार्ग होते हुए ग्राम खंडेरा छोले वाली मैया के दरबार में देर शाम पहुंची, यहां चुनरी पदयात्रा के आयोजक जमना सेन एवं उनकी धर्मपत्नी नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर माता रानी को ग्यारह हजार मीटर की चुनरी भेंट की गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चुनरी पदयात्रा का रायसेन से लेकर ग्राम खंडेरा तक जगह-जगह ग्रामीण श्रद्धालुओं द्वारा रोड किनारे पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

# बुधनी पहुंचे हनुमान, एक दर्जन से अधिक गांवों में किया जनसंपर्क



**भेरुन्दा नसरुल्लागज।** बुधनी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने 'शिव' के गढ़ यानी उनके गृह ग्राम जैत के आसपास के गावों में प्रवेश किया है। इस दौरान उन्होंने घर-घर पहुंचकर बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया तो वहीं युवाओं से गले मिले। इस दौरान उन्होंने एक दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचकर लोगों से मेल-मुलाकात की और उनकी परेशानियों को सुना। विक्रम मस्ताल शर्मा गुरूवार को बुधनी विधानसभा क्षेत्र के बकतरा, जोनतला, ठीकरी, नोनभेंट, देहरी, कुसुमखेड़ा, नांदनेर सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बकतरा में कांग्रेस के पूर्व विधायक देवकुमार पटेल से मुलाकात की एवं उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। विक्रम मस्ताल शर्मा ने यहां पर हनुमान मंदिर एवं मां नर्मदा की भी पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे गांवों में भी लोगों से घर-घर मिलने पहुंचे और बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे हनुमानजी का लोगों ने स्वागत भी भव्य तरीके से किया। इस दौरान कई जगह उनका फूलमाला पहनाकर सत्कार किया गया। इस अवसर पर विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने सभी से वादा किया कि उनकी जीत सुनिश्चित कीजिए वे बुधनी विधानसभा को विकास का मॉडल बनाकर देंगे। उन्होंने कहा कि जिस विधानसभा क्षेत्र का 17 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहा हो वहां पर तो ऐसा विकास होना चाहिए था कि लोग उस विकास को देखने आते, लेकिन बुधनी विधानसभा में सिर्फ भाजपा नेताओं ने अपना विकास किया है। विक्रम मस्ताल शर्मा ने देर रात तक क्षेत्र में लोगों से मेल-मुलाकात की एवं जीत का आशीर्वाद मांगा।

# मधु एजेंसी के शोरूम पर जीएसटी का छापा, देर रात तक कार्रवाई जारी



**मुरैना, देशबन्धु।** शहर के प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय मधु एजेंसी के शहर में स्थित लगभग पांच प्रतिष्ठानों पर गुरुवार की दोपहर जीएसटी विभाग की ग्वालियर एवं मुरैना टीम ने एक साथ छापे मार कार्यवाही आरंभ कर दी और लगातार दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। इस दौरान सभी प्रतिष्ठानों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे और किसी को भी अंदर से बाहर नहीं जाने दिया गया। बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर ग्वालियर एवं मुरैना जीएसटी विभाग के अधिकारियों की टीम ने सिटी कोतवाली के सामने स्थित मधु एजेंसी के विशाल शोरूम एवं स्टेशन रोड स्थित मधु रेडियो शोरूम के अलावा एबी रोड एवं कैलाश नारायण के बड़ा स्थित गोदाम पर छापा मारा तथा सभी प्रतिष्ठानों पर पुलिस कर्मचारी तैनात कर दिए गए। जीएसटी टीम को वरिष्ठ अधिकारियों से सूचना मिली कि मधु एजेंसी के संचालक द्वारा दस्तावेजों में काफी हेरा फेरी की गई है। इसी सूचना पर निर्देश मिलते ही अधीनस्थ अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी। जीएसटी विभाग की सभी टीमों द्वारा सभी प्रतिष्ठानों पर कंप्यूटर एवं दस्तावेजों की जांच की जा रही है तथा देर शाम तक समाचार लिखे जाने तक कार्यवाही जारी थी।

# जौरा पुलिस ने बच्चों को आधा घंटे में तलाश कर किया मां के सुपुर्द

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के जौरा थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह सामान खरीदने आई एक महिला से उसका 4 वर्षीय बच्चा गुम हो गया, जिसे पुलिस ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद अस्पताल के पास से बरामद कर माँ के सुपुर्द कर दिया।

गुमशुदा बच्चे की मां ने थाना जौरा पुलिस को बताया कि मैं अपने 4 वर्षीय बालक निवासी थाना के पास पोरसा हाल निवासी ग्राम घुर्रा थाना बागचीनी के साथ बाजार में सामान खरीदने आई थी, मैं सामान खरीद रही थी, इतने में मेरा बच्चा जौरा सब्जी मण्डी में गुम हो गया, जिस पर से थाना जौरा पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर बच्चे की तलाश हेतु टीम को रवाना किया। टीम द्वारा सब्जी मंडी में घूम फिर आस-पास की दुकान वाला से, राहगीरो से पूछताछ की गई, जिस पर से पता चला की गुमशुदा बालक जौरा अस्पताल के पास भटक रहा है। टीम द्वारा अस्पताल पहुंचकर बालक को बरामद कर सकुशल उसकी मां के सुपुर्द किया गया।

### अफीम की खेती करने वाले आरोपी को 10 वर्ष की सजा एक लाख का जुर्माना

**मुरैना, देशबन्धु।** षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश मुरैना द्वारा अफीम की खेती करने वाले एक आरोपी को गुरुवार को 10 वर्ष के कारावास एवं एक लाख रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 मार्च 2019 को थाना माता बसैया के उपनिरीक्षक के के सिंह कोसूचना मिली कि गाँव परीक्षा के जगमोहन तोमर के खेत में अफीम की खेती हो रही है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारकर मौके से 5167 पौधे अफीम के पौधे बरामद कर मामला दर्ज करते हुए प्रकरण को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा आरोप दर्ज कर शाक्ष्य अंकित की गई, जिस पर से षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश मुरैना द्वारा आरोपी जगमोहन तोमर को धारा 8/18 बी एन डी पी एस एक्ट के तहत दस साल के कठोर कारावास व एक लाख जुर्माना की सजा दी गई है। शासन की ओर से पैरवी इन्द्र सिंह गुर्जर ने की।

# परिवार मे 40 साल बाद हुआ लक्ष्मी का जन्म, ढोल नगाड़ों के साथ पहुंची घर, मिठाई बांटी

**मुरैना, देशबन्धु।** चंबल अंचल में लड़कियों को श्राप माना जाता था, लेकिन यह धारणा अब बदलने लगी है और लोग बेटों से ज्यादा बेटियों को चाहने लगे हैं। मुरैना जिले में अब लड़कियों को बोझ नहीं समझा जाता और जन्म लेने पर ढोल नगाड़े बजाकर खुशियां मनाई जाती है तथा मिठाई वितरित की जाती है। ऐसा ही एक मामला शहर की गायत्री कॉलोनी में गुरुवार की सुबह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार गायत्री कॉलोनी निवासी देवेंद्र सिंह राजपूत के परिवार में पिछले 40 वर्षों से किसी भी बच्ची ने जन्म नहीं लिया, जिससे उनके घर में बहन बेटी की कमी काफी खल रही थी। श्री राजपूत ने बताया कि वह दो भाई है तथा मां का लडक़ा भी उनके साथ रहता है, इसलिए तीन भाई है और सभी की शादी हो गई है, वहीं मामा के चार लडक़े थे, उनके भी कोई बच्ची नहीं है। पूरे परिवार में लडक़े ही लडक़े थे, स्वयं उनके घर में बहन नहीं है, इस कारण बेटी की कमी पूरे परिवार को काफी खल रही थी। देवेंद्र की पत्नी गर्भवती थी और बुधवार को उसकी डिलीवरी हुई तथा उसने एक लक्ष्मी को जन्म दिया। लडक़ी ने जन्म लिया तो देवेंद्र के परिवार में खुशियां छा गई और खुशी से पूरा परिवार उल्लास में था। गुरुवार की सुबह देवेंद्र राजपूत एवं उनके परिवार ने कार सजाई और उसे अस्पताल ले गए तथा वहां से पत्नी को डिस्चार्ज कर कर ढोल नगाड़ों के साथ कार में घर तक ले गए। घर पहुंचने पर बच्ची का लक्ष्मी की तरह विधि विधान से आगमन किया गया। इस अवसर पर पूरे मोहल्ले में मिठाई वितरित की गई।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### आर्य बने ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी

**आठनेर, देशबन्धु।** ब्लाक कांग्रेस मीडिया प्रभारी हेतु हिडली के उन्नत कृषक समाजसेवी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गौरीशंकर बबलू आर्य को नियुक्त किया है। डागा हाऊस में विधायक निलय डागा ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी संगठन की सभी प्रकार की गतिविधियों का प्रचार प्रसार करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शिवदयाल लोखंडे गणेश टेकपुरे डॉ ज्ञानदेव माथनकर प्रमोद खांडवे विधायक प्रतिनिधि तरुण मानकर रवि अडलक प्रदीप प्रजापति वसीम इराणी रियाज काजी जानी पठान पवन उबनारे अमित जायसवाल अल्ताफ पठान शेख हारून सलमान काजी सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

### कार में मिले 8 लाख मामले की जांच पहुंची नोडल अधिकारी के पास

मुलताई, देशबन्धु। पुलिस ने 2 दिन पहले नगर के फव्वारा चौक से एक व्यापारी से 8 लाख रुपए जब्त किए थे, कार से जब्त की गई इस राशि को व्यापारी ने बैंक से निकलना बताया था, लेकिन दो दिन बाद भी उक्त राशि अभी तक नहीं छूट पाई है।

बताया जा रहा है कि इस संबंध में व्यापारी ने कुछ दस्तावेज भी जांच टीम के समक्ष प्रस्तुत किए हैं। जिसके बाद उक्त प्रकरण नोडल अधिकारी के समक्ष भेज दिया गया है। ऐसे में फिलहाल उक्त राशि रिलीज होती नजर नहीं आ रही है। आचार संहिता लगने के बाद पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई की जारी है। गांजा, शराब सहित चांदी और नगदी भी बड़ी मात्रा जब्त की गई है। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने दो दिन पहले नगर के अनाज व्यापारी संतोष साहू की कार से 8 लाख रुपये जब्त किए थे। उस समय व्यापारी संतोष साहू ने पुलिस को बताया था कि उक्त राशि बैंक से निकलकर लाई है और इसके संबंध में सभी वैध दस्तावेज उनके पास है। जांच अधिकारी अनिल डाबर ने बताया कि व्यापारी ने कुछ दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं। मामले को नोडल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। वहीं से इसका निराकरण होगा। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल अभी तक उक्त राशि को रिलीज नहीं किया गया है।

### स्कूल संचालक पर संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम में कार्रवाई

मुलताई, देशबन्धु। आमला के एक निजी स्कूल संचालक को बोरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत नरेरा रोड पर स्थित पेड़ पर बिना अनुमति स्कूल के विज्ञापन का बोर्ड लगाना महंगा साबित हुआ। पुलिस ने स्कूल संचालक के खिलाफ मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत के दर्ज किया है। मामला यह है कि वर्तमान में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते सरकारी संपत्ति पर किसी भी प्रकार के बोर्ड फ्लेक्स लगाने की अनुमति नहीं है। बोरदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरेरा रोड पर स्थित आम के पेड़ पर पैराडाइज स्कूल आमला का विज्ञापन बोर्ड लगा मिला। जिसके चलते बोरदेही पुलिस ने एक बैनर और बोर्ड जप्त कर स्कूल संचालक के खिलाफ धारा 3 मध्य प्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# पत्नी ने शराब पीने से मना किया तो पति ने तालाब में लगाई छलांग, मौत



**मुलताई, देशबन्धु।** विकास खंड के थाना साइखेड़ा में ससुराल गए एक युवक ने तालाब में कूद कर आत्महत्या कर ली। एक ही दिन में उसने दो बार आत्महत्या का प्रयास किया। पहली बार उसे लोगों ने बचा लिया, लेकिन दूसरी बार वह तालाब में कूद गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। साइखेड़ा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बघोडा निवासी महेश पिता महादेव मानेकर 39 साल पिछले

**एक बार लोगों ने बचाया, फिर कूद गया**

डेढ़ महीने से अपने ससुराल साइखेड़ा में रह रहा था। गुरुवार उसने अपनी पत्नी को घर चलने का कहा था लेकिन उसकी पत्नी ने कहा कि अगर वह शराब पीना छोड़ेगा तो ही वह उसके साथ जाएगी। इसी बात को लेकर महेश जाकर तालाब में कूद गया, लेकिन लोगों ने उसे पहली बार में बचा लिया और बाहर निकाल कर वापस घर भेज दिया। कुछ देर बाद में वह फिर से आया और उसने तालाब में छलांग लगा दी,जिससे उसकी मौत हो गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकलवाया और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मधुमक्खियों ने ग्रामीणों पर किया हमला, 2 महिलाएं और 4 वर्षीय बालक घायल

**मुलताई, देशबन्धु।** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम एनस में गुरुवार अचानक से मधुमक्खियां ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। जिसके चलते दो महिला और एक 4 वर्षीय बालक घायल हो गए। जिन्हें मुलताई के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बालक की हालत गंभीर होने पर महिलाओ साथी उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम एनस में अचानक से मधुमक्खियो ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया था, जिसमें कमला पति कुलपत उम्र 38 वर्ष एवं मीरा पति लाला उम्र 37 वर्ष सहित एक चार वर्षीय बालक रूद्र पुत्र राजेश को मधुमक्खियां ने काट लिया था। जिसके चलते हुए तीनों घायल हो गए, बालक को मधुमक्खियो द्वारा काटे जाने के बाद तेज बुखार आ गया और उसकी हालत गंभीर होने पर उसे दोनो महिलाओ के साथ मुलताई अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बैतूल जिला चिकित्सालय के लिए डॉक्टर द्वारा रेफर कर दिया गया।

## क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा की सरकार जरूरी: गंगा



**चिचोली, देशबन्धु।** जिले में अजजा वर्ग के लिये आरक्षित घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 132 से भाजपा प्रत्याशी गंगा सज्जनसिंग उइके ने गुरूवार को भाजपा नगर मंडल चिचोली के तीन शक्ति केन्द्रों पर पहुंचकर दायित्ववान कार्यकर्ताओं से संवाद कर प्रत्येक बूथों पर भाजपा को जिताने का अनुरोध किया।

गंगा उइके ने कटकुही-मलाजपुर शक्ति केन्द्र की मलाजपुर में एवं निवारी-रोझडा शक्ति केन्द्र की निवारी मालीपुरा में तथा असाड़ी-दुधिया-बिगवा शक्ति केन्द्र की ग्राम दुधिया में हुई बड़ी बैठकों में मौजूद शक्ति केन्द्रों की टोली के सदस्यों,बूथों के त्रिदेव एवं पेज प्रमुखों के साथ शक्ति केन्द्रो में निवासरत वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी के वर्तमान

**भाजपा प्रत्याशी ने शक्ति केन्द्रों के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक**

व पूर्व पदाधिकारियों को आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव में जुटने को कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजनता को मिल रहा है यह सब तभी संभव हो सका जब आप सभी के परिश्रम एवं मेहनत से केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनी।

## नामांकन दाखिल करने के बाद जनसंपर्क तेज करेंगे अलस्या



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधानसभा से चुनाव मैदान में उतरे अलस्या केशव राव सोलंकी ने भी जनसंपर्क शुरू कर दिया है। अलस्या सोलंकी सिर्फ एक ही कहना हैं कि वह गरीबों के उत्थान विकास और उनके हक की लड़ाई के लिए वे चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उनका कहना है कि मौजूदा सरकार और उनके जनप्रतिनिधियों ने अभी तक युवा बेरोजगारों के लिए कोई ठोस पहल नहीं की है जिसके चलते बेरोजगारी बढ़ गई है। मुझे अगर मौका मिला तो सबसे पहले बेरोजगारों को रोजगार मुहैया करने की दिशा में प्रयास करूंगा। सोलंकी ने बताया की उनके चाहने वालों की युवा टीम शहर के सभी वार्डों में प्रचार करने जुट गई हैं। उनका कहना है कि नामांकन दाखिल करने के बाद ही वे ग्रामीण एरिया में प्रचार के लिए निकलेंगे। नामांकन दाखिल करने उनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता निर्वाचन कार्यालय पहुचेंगे।

## जिला अदालत परिसर में मतदाता जागरूकता को लेकर हुआ कई गतिविधियों का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा। इससे पूर्व मतदाता जागरूकता गतिविधियां जिले में आयोजित कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये गुरूवार को जिला कोर्ट परिसर में नुक्कड़ नाटक, सेल्फी पाइन्ट व हस्ताक्षर अभियान जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया, न्यायाधीशगण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों से आगामी 17 नवम्बर को विधानसभा निर्वाचन के लिये अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## भाजपा सरकार में मेडिकल कॉलेज की सालों पुरानी मांग पूरी हुई: खंडेलवाल

**2 सौ महिलाएं और युवा भाजपा में शामिल**



**बैतूल, देशबन्धु।** हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहते हैं कि हम सरकार नहीं परिवार चलते हैं आज विवेकानंद शक्ति केंद्र में आपका विश्वास और प्रेम बताता है की परिवार चलाने की तरह सरकार चलाने वाले शिवराज सिंह के नेतृत्व में बैतूल को हमेशा प्राथमिकता मिली जो बरसों की मांग थी मेडिकल कॉलेज उसके लिए रास्ता बना, बहनों का आत्मसम्मान बढ़ा, युवाओं को हौसले की उड़ान मिल रही है। यह पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल ने विवेकानंद शक्ति केंद्र की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि आज के युवा अपने परिवार में जाकर पूछे 20 साल पहले क्या स्थिति थी। ना सड़के थी ना पीने का पानी घर में आता था बिजली तो ऐसी थी जो आती कम और जाति ज्यादा थी। चौहान के नेतृत्व में प्रदेश की प्रगति हुई इस विकास में बैतूल का भी बराबर ध्यान रखा गया। 18 महीने के लिए सरकार आए तो कुछ नहीं किया कांग्रेस ने उसके बाद विधायक सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हैं जो कुछ नहीं कर पाते वे सिर्फ आरोप लगा पाते हैं। इस दौरान विकास वार्ड नगर की तकरीबन 100 महिलाओं ने कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली साथ में 70 से अधिक युवाओं ने भी भाजपा की सदस्यता ली। खंडेलवाल ने कहा कि आदिशक्ति मां जगदंबा के पावन नवरात्री पर्व चल रहा हैं आपका उत्साह और उमंग बता रहा है की हर तरफ भाजपा का माहौल है।

## रामलीला मंचन: केवट ने नाव से राम को गंगा पार कराया

**कलाकारों के अभिनय से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध**





**भैंसदेही, देशबन्धु।** मां पूर्ण नगरी भैंसदेही में रामलीला मंचन के चौथे दिन वन में श्रीराम से निषाद राज के मिलन प्रसंग की लीला को दर्शाया गया। इसमें बताया गया कि श्रीराम निषाद को वन आने का कारण बताते है। इस पर निषाद बहुत दुखी होता है और श्रीराम को अपने घर चलने के लिए कहते है।

श्रीराम चौहद वर्ष वन में रहने का पिताजी द्वारा दिया गया आदेश बता कर घर जाने से मना कर देते है। तब निषाद श्रीराम, लक्ष्मण, सीता के लिए वन में ही घास की कुटिया बना देते है। इसके बाद श्रीराम गंगा पार के लिए आगे बढ़ते है और केवट से गंगा पर चलने का कहते है। केवट पहले श्रीराम का परिचय जानते है परिचय जानने के बाद केवट गंगा पार कराने से मना कर देता है। और कहता है की प्रभु जब आपके चरणों से पत्थर की शिला नारी बन गई थी। मेरी छोटी सी नाव पुरानी है यदि कुछ हो गया तो मैं क्या करूंगा प्रभु श्रीराम के लाख समझाने पर भी केवट नहीं मानता है। बड़ी मुश्किल से तैयार होकर श्रीराम के सामने एक शर्त रखता है की प्रभु यदि आप मुझे आपके चरण पखारने दोगे तब ही मै आपको गंगा पार कराऊंगा। श्रीराम तैयार हो जाते है और निषाद को अपने चरण पखारने देते है। इस प्रकार निषाद श्रीराम, लक्ष्मण, सीता को गंगा पार कराते है। इस प्रकार कई लीलाओं को दर्शाते हुए रामलीला का मंचन आगे बढ़ता रहा। रामलीला में हर दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। रामलीला में निषाद राज का पात्र अभिनय आकाश राठौर, केवट का भरत गौरव और शंकर राय बाल्यै पानकर के द्वारा अभिनय किया गया।

## मुलताई, आमला, बैतूल, घोड़ाडोंगरी एवं भैंसदेही से मिलेगी मतदान सामग्री

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमनबीर सिंह बैंस ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले के विधानसभा क्षेत्र मुलताई, आमला, बैतूल, घोड़ाडोंगरी एवं भैंसदेही में मतदान दल, कर्मियों को मतदान सामग्री, ईव्हीएम मशीन वितरित करने वितरण केन्द्र बनाए गए है। उन्होंने बताया मुलताई विधानसभा क्षेत्र क्र.129 के कुल 296 मतदान केन्द्र को सामग्री वितरण के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई को वितरण केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह आमला विधानसभा क्षेत्र क्र.130 के कुल 276 मतदान केन्द्रों के लिए डॉ.भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय को वितरण केन्द्र बनाया गया। बैतूल विधानसभा क्षेत्र क्र.131 के कुल 297 मतदान केन्द्र के लिए जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से सामग्री वितरित की जाएगी।

इसी प्रकार घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र क्र.132 के कुल 365 मतदान केन्द्र को सामग्री वितरण के लिए शासकीय महाविद्यालय शाहपुर और 133 भैंसदेही में 347 मतदान केन्द्र को सामग्री वितरण लिए शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भैंसदेही को वितरण केन्द्र बनाया गया है।

## पहली बार मतदान करने वालों का उत्साह बढ़ाने क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** पहली बार मतदान में हिस्सा लेने वाले मतदाताओं का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में जिला प्रशासन और निर्वाचन क्षेत्र से आने वाले नए मतदाताओं के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के अनुसार प्रथम मैच शनिवार को लालबहादुर स्टेडियम में खेला जाएगा एवं फाइनल मैच रविवार को होगा। टीमों का चयन करने की जिम्मेदारी तहसीलदार एवं सी एम ओ को दी गयी है।

इस टूर्नामेंट में जिले की पांचों विधान सभाओं को शामिल किया गया है। प्रत्येक विधानसभा से15 बच्चों का चयन कर एक टीम बनाई जानी है।इसमें वे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिन्होंने इसी वर्ष मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाया है।अधिकारियों को स्पस्ट निर्देश दिए गए हैं कि बुधवार आपसी समन्वय के साथ टीमों का चयन कर लिया जाए। इस टूर्नामेंट में बैतुल, भैसदेही, मुलताई, घोड़ाडोंगरी एवं आमला सारणी विधान सभा शामिल है।खास बात ये है कि विजेता टीम को 5 हजार रुपये , उप विजेता टीम को 3 हजार रुपये साथ ही बेस्ट बेट्स मैन और बेस्ट बॉलर को 1,1,हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। शनिवार होने

**विजेता को 5 हजार , उप विजेता को मिलेगा 3 हजार इनाम**

वाले तीन मैच 10 ओवर तथा रविवार होने वाला फाइनल मैच 15 ओवर का खेला जाएगा। सभी मैच टेनिस बॉल के साथ खेले जाने के अलावा खिलाड़ियों को लाने ले जाने की जिम्मेदारी सम्बंधित विधान सभाओं के सीएमओ को दी गयी है।

### मतदान दल के लिए लोक सेवकों का द्वितीय प्रशिक्षण 25 को

**बैतूल,देशबन्धु।** विधान सभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत मतदान दल हेतु लोक सेवकों का द्वितीय प्रशिक्षण 22 अक्टूबर को आयोजित होना सुनिश्चित था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए यह प्रशिक्षण 25 अक्टूबर को पूर्व निर्धारित स्थल एवं समय अनुसार आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी ने समस्त लोकसेवकों से 25 अक्टूबर को आयोजित द्वितीय प्रशिक्षण में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

*ग्राम अमरावती घाट के इस प्रचीन मंदिर पर लगती है हर साल भीड़*

## नवरात्रि में अंबा भवानी मंदिर की साज-सज्जा श्रद्धालुओं को कर रही आकर्षित



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभातपट्टन ब्लॉक के ग्राम अमरावती घाट में स्थित प्रसिद्ध मां अंबा भवानी मंदिर में शारदेय नवरात्र के अवसर पर माता रानी की पूजा अर्चना करने पहुंच रहे श्रद्धालु मंदिर में की गई आकर्षक साज-सज्जा को देखते ही मंत्र मुग्ध हो रहे हैं। मंदिर परिसर के अंदर और बाहर की गई साज सज्जा और रात में आकर्षक रोशनी की जगमगाहट मां अम्बा भवानी मंदिर के भव्यता में चार चांद लगा रही है। नवरात्रि की प्रथमा तिथि को पूजा अर्चना के साथ मंदिर में घट स्थापना और अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई थी। साथ ही नवरात्र के दौरान प्रतिदिन मां अम्बा की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार भी किया जा रहा है। गौरतलब है कि ग्राम अमरावती घाट में मां अंबा भवानी की प्रतिमा स्वप्राकट्य है। मान्यता है कि ग्राम की बसाहट के पूर्व से ही माता रानी पीपल के वृक्ष के नीचे प्रतिमा स्वरूप में विराजित थी। ग्राम बसाहट के बाद ग्रामीणों ने माता रानी की मढैया बना दी। उसके बाद ग्रामीणों और गांव के ऐसे ग्रामीण जो रोजगार के सिलसिले में अन्य नगरों में बस गए उन्होंने जन सहयोग जुटाकर माता रानी के मंदिर का निर्माण किया और उसके बाद कुछ वर्ष पूर्व ग्रामीणों और सेवाभावी भक्तों के सहयोग से विशाल अंबा मंदिर का निर्माण संभव हो पाया। मंदिर में जहां शारदीय नवरात्र के अवसर पर अखंड ज्योत प्रज्वलन के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होते हैं, वहीं चैत्र नवरात्र के अवसर पर अखंड ज्योत प्रज्वलन के साथ विशेष अनुष्ठान के साथ चैत्र महोत्सव का भव्य आयोजन होता है।

**बनाया डेकोरेटर ग्रुप:** बीते 2 वर्षों से ग्राम के युवाओं द्वारा गठित अंबा भवानी मंदिर डेकोरेटर ग्रुप नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष साज-सज्जा करने की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। ग्रुप के सदस्यों ने बताया इस वर्ष भी मंदिर में शारदेय नवरात्रि प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व से ही मंदिर परिसर में साज सज्जा करने का कार्य प्रारंभ कर दिया था। ग्रुप के सदस्यों ने बताया इस कार्य के लिए ग्रुप के स्थानीय सदस्यों के साथ ग्राम के युवा जो बड़े नगरों के साथ विदेश में नौकरी और रोजगार के चलते निवासरत है वह अपने सामर्थ्य अनुसार आर्थिक सहयोग प्रदान करते हैं और सभी के सहयोग से एकत्रित राशि से ग्रुप द्वारा नवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में आकर्षक साज-सज्जा और रोशनी की जाती है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से मंदिर परिसर को सुसज्जित किया गया है।

**आरती में उमड़ती है ग्रामीणों की भीड़:** नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन मंदिर में संगीत के साथ मां अंबा भवानी की आरती की जाती है ।आरती के दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ मंदिर में उमड़ती है। जिसमें सर्वाधिक संख्या महिलाओं की रहती हैं। वही नवरात्र के दौरान प्रतिदिन अल सुबह से मंदिर में जल अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच रही है। नवमी तिथि को घट विसर्जन के साथ नवरात्रि उत्सव का समापन होगा।

# धोखाधड़ी से फर्जी विक्रय पत्र तैयार कर भूमि हथियाने के मामले में सजा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आरक्षी केन्द्र देहात जिला नर्मदापुरम के एक अपराध में प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश जिला नर्मदापुरम जफर इकबाल के न्यायालय में निर्णय कर अभियुक्त ओमवती सांडिल्य पति जसवंत सांडिल्य को 3 वर्ष, राघवेन्द्र प्रसाद जैन पिता छोटेलाल जैन को 3 वर्ष, तरुण पटेल पिता संतोष पटेल को 3 वर्ष एवं रोहित पवार पिता राजपालसिंह प्रचार को 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3000-3000 रुपए अर्थदण्ड के दंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड अदा न होने पर तीन माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार चौरे ने की गई ।

श्री चौरे ने बताया कि फरियादी किरण उपाध्याय ने थाना देहात में आवेदन पेश किया कि उसके स्वत्व स्वामित्व की कृषि खसरा नंबर 22 रकबा 0.732 हेक्टर ग्राम कुलामड़ी में स्थित है, जिसकी भू अधिकार एवं ऋण पुस्तिका प्रार्थिनी के नाम से जारी हुई है। 07 नवंबर 2017 को जब प्रार्थिनी अपनी भूमि की खसरा नकल निकलवाने तहसील कार्यालय गई तो उसे ज्ञात हुआ कि उपरोक्त खसरा नंबर 22 का बंटान होकर 22 / 2 रकबा एक एकड़ किसी रोहित पवार के नाम से दर्ज हो गई है। जानकारी ली तो ज्ञात हुआ कि उपरोक्त भूमि फर्जी विक्रय पत्र के द्वारा अंतरित हुई है। विक्रय पत्र में फर्जी ऋण पुस्तिका व फर्जी विक्रेता मय फर्जी वोटर आईडी के जरिये खड़ा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराया है जबकि वास्तविक भूमि स्वामी कभी भी उप पंजीयक कार्यालय नहीं गई।

उपरोक्त विक्रय पत्र में विक्रेता किरण उपाध्याय एक फर्जी महिला है व प्रार्थिनी किरण उपाध्याय के पति अरविंद कुमार उपाध्याय जीवित हैं जबकि विक्रय पत्र में स्व. अरविंद उपाध्याय दर्ज है व फर्जी ऋण पुस्तिका का उपयोग हुआ है, साथ ही विक्रय पत्र में भारी भरकम राशि 22,10,000.00 रुपये का नगर लेनदेन दिखाया गया है, जबकि नोटबंदी के पश्चात इतनी बड़ी राशि का नगद लेनदेन संभव नहीं है। उक्त फर्जी विक्रय पत्र निष्पादन में उप पंजीयक व अन्य भू माफिया व्यक्तियों की सांठगांठ है। उक्त लिखित आवेदन के आधार पर अभियुक्तगणों के विरूद्ध आरक्षी केंन्द्र देहात नर्मदापुरम में अपराध पंजीबद्ध किया।

प्रकरण में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर प्रस्तुत की गई साक्ष्य के आधार पर प्रकरण के तथ्य एवं परिस्थितियों में अभियुक्त ओमवती सांडिल्य पति जसवंत सांडिल्य को 3 वर्ष, राघवेन्द्र प्रसाद जैन पिता छोटेलाल जैन को 3 वर्ष, तरूण पटेल पिता संतोष पटेल को 3 वर्ष एवं रोहित पंवार पिता राजपालसिंह पंवार को 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3000-3000/- अर्थदंड के दंड से दंडित किया। अर्थदंड में व्यतिकम होने पर तीन माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया।

## युवती से छेड़छाड़ के आरोपी को छह माह की सजा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, नर्मदापुरम के न्यायालय द्वारा आरोपी मनीष रघुवंशी को धारा-323 भादवि में 01 माह एवं 3(2)(वीए) एस सी/एस टी में 06 माह का कारावास एवं 3000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया।

जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि घटना 25 फरवरी 2023 की है जब अभियोक्त्री अपने छोटे भाई को स्कूल से लाने के लिए सायकिल से गयी थी। वापस घर आते समय रास्ते में गांव का रहने वाला आरोपी मनीष रघुवंशी आ गया और रास्ते में बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और साथ चलने को कहा। मना करने पर गाली गलोच करने लगा। आरोपी ने जबरदस्ती की तो अभियोक्त्री और उसका भाई सायकल से गिर गए, जिससे दोनों को चोट लग गयी। इसके बाद आरोपी मनीष भाग गया। घर आकर अभियोक्त्री ने मम्मी-पापा को सारी बात बताई। आरोपी के विरुद्ध थाना माखननगर में रिपोर्ट दर्ज करायी, जिसके आधार पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

उक्त प्रकरण में विचारण उपरांत विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, नर्मदापुरम द्वारा आरोपी मनीष रघुवंशी को दोषी पाकर धारा-323 भादवि में 01 माह एवं 3(2)(1ए) एस सी/एस टी एक्ट में 06 माह का कारावास एवं 3000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक लखन सिंह भवेदी, जिला नर्मदापुरम द्वारा सशक्त पैरवी की गई।

## सार समाचार

### निर्वाचन कार्य ने लापरवाही पड़ी महंगी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी निलंबित

नर्मदापुरम, देशबन्धु। चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने पर सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी छगनलाल धुर्वे को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने निलंबन के आदेश जारी किए। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी छगनलाल पथरौटा इटारसी में पदस्थ है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने 18 अक्टूबर बुधवार को सेंट पेट्रिक्स स्कूल सोहागपुर में जारी विधानसभा निर्वाचन 2023 के प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी छगनलाल धुर्वे से ईवीएम एवं निर्वाचन के संबंध में पूछा। लेकिन छगनलाल धुर्वे सही तरह से जानकारी नहीं दे पाएं। जिससे स्पष्ट हुआ कि धुर्वे ने निर्वाचन प्रशिक्षण गंभीरता प्राप्त नहीं किया। जो निर्वाचन संबंधी कार्य में स्वेच्छाचारित एवं लापरवाही को दिखाता है। उक्त कृत्य में प्रथम दृष्ट्या मप्र सिविल सेवा नियम 1965 के नियम के विपरित पाएं जाने पर छगनलाल धुर्व को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

### बुरी नियत से हाथ पकड़ने वाले आरोपी को 6 माह की सजा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि 25 फरवरी 2023 को अभियोक्त्री अपने छोटे भाई को स्कूल से लाने के लिए सायकिल से गयी थी। वापस घर आते समय रास्ते मे गाँव का रहने वाला आरोपी मनीष रघुवंशी आ गया और रास्ते में बुरी नियत से उसका हाथ पकड लिया और साथ चलने को कहा और गाली गलोच करने लगा। जबरदस्ती करने पर अभियोक्त्री और उसका भाई सायकल से गिर गए। जिससे दोनों को चोट लग गयी। इसके बाद आरोपी मनीष भाग गया। घर आकर अभियोक्त्री ने मम्मी-पापा को सारी बात बताई। आरोपी के विरुद्ध थाना माखननगर में रिपोर्ट दर्ज करायी, जिसके आधार पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त प्रकरण में विचारण उपरांत विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, नर्मदापुरम द्वारा आरोपी मनीष रघुवंशी को दोषी पाकर धारा-323 भादवि में 01 माह एवं 3(2)(वीए) एससीएसटी एक्ट में 06 माह का कारावास एवं 3000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक लखन सिंह भवेदी द्वारा पैरवी की गई।

### समेरिटंस की हैंडबल टीम ने जीता सोना




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** समेरिटंस स्कूल की हैंडबॉल की टीम ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सीबीएसई वेस्ट जोन 19 वर्षीय आयु वर्ग बालक हैंडबॉल कंपटीशन में स्वर्ण पदक अर्जित किया। समेरिटंस की टीम प्रदेश की प्रथम हैंडबॉल टीम का गौरव प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए स्कूल के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, टीम के कोच मैनेजर ऑस्कर एरिन खेल विभाग और शाला के फिजिकल एजुकेशन प्रभारी सचिन खंपरिया सहित विद्यालय के स्टाफ ने टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। ज्ञात रहे कि वेस्ट जोन की विजेता टीम सीधे नेशनल खेलती है। इसी प्रकार टीम की बालिका वर्ग ने भी कांस्य पदक लाकर नगर को और मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया।

### रेलवे और आरपीएफ की टीम ने आरआरआई परिसर से अनाधिकृत वाहन हटाए

**इटारसी, देशबन्धु।।** पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से आरआरआई परिसर में अनाधिकृत लोगों के वाहन खड़े किये जा रहे थे। इससे आरआरआई की सुरक्षा को भी खतरा था। कई लोग यहां वाहन सुरक्षित खड़े करके चले जाते थे तो कुछ वेंडर्स के वाहन भी होते थे जो आरआरआई के स्टाफ की बाइकों के साथ खड़े कर देते थे। आज स्टेशन प्रबंधक देवेंद्र सिंह चौहान और आरपीएफ टीआई एसके बाजपेई ने वाणिज्य विभाग की टीम के साथ मौके पर जाकर ऐसे सभी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की और जुर्माना लगाया।

# 2 व्यक्तियों से अलग-अलग गांजा और देसी पिस्टल जब्त





इटारसी, देशबन्धु। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं व्यवसाय करने वाले एवं अवैध देशी पिस्टल जिंदा कारतूस रखने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्त में लिया है। उनके पास से 01 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 20,000 रूपये एवं एक पिस्टल जिसकी मैगजीन में 01 जिंदा कारतूस व 01 खोका चले राउंड का कीमती 20 हजार रुपए जब्त किये हैं।

पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम गुरकरण सिंह के द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन में जिले मं पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध कामों में लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम आशुतोष मिश्रा के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिवनी मालवा सुश्री आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम में कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक आशीष तिरोल्या, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राजेश परते, आरक्षक नरेन्द्र, महेन्द्र, अमर शामिल थे।

अवैध मादक पदार्थ गांजे के परिवहन की एवं अवैध देशी पिस्टल जिंदा कारतूस रखकर घूमने वाले की मुखबिर से सूचना मिलने पर तत्परता से पुलिस ठीम रवाना की गई, यात्री प्रतीक्षालय जाट गुराड़िया तिराहा ग्राम चापड़ाग्रहण के पास घेरा बंदी कर मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिये के आदमी को पकड़ा। उससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मोहन पिता शिवराम जाट उम्र 47 साल नि. जाटगुराड़िया का होना बताया। तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत आरोपी से 01 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया एवं आरोपी को गिरफ्तार किया।

एक टीम ने ग्राम पगढाल में अमलाड़ा रोड पर नहर की पुलिया के पास मुखबिर द्वारा बताये हुलिये के आदमी को पकड़ा जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राजकुमार पिता भैरोसिंह खंगार उम्र 23 साल निवासी खंगार मोहल्ला टिमरनी हाल अमलाड़ाकलॉ का होना बताया जिसकी तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल एवं जिंदा कारतूस होना पाया जाने से पिस्टल कारतूस जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

# शराब के नशे में युवक ने की ड्यूटी डॉक्टर से हाथापाई

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में महिला मरीज का इलाज कराने आएं पति ने ऑन ड्यूटी डॉक्टर व स्टॉफ ने विवाद किया। युवक ने हाथाफाई की और इमरजेंसी गेट तोड़ भी दिया। विवाद दोपहर करीब 1 बजे हुआ। डॉक्टर ने कोतवाली थाने में शासकीय कार्य में बाधा, तोड़फोड़ का केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। डॉक्टर का हाथ फेक्कर हो गया। डॉक्टर अंशु चूग ने बताया सुबह 8 से 2 बजे तक मेरी इमरजेंसी ड्यूटी थी। दोपहर करीब 1 बजे एक युवक अपनी पत्नी को इलाज कराने लेकर आया। महिला ने कीटनाशक पिया था। उसी दौरान इमरजेंसी में तीन एमएलसी पहले से थी। जिस कारण थोड़ी देरी हुई तो महिला का पति सत्यम केवट आक्रोशित हो गया। स्टॉफ से और मुझसे हाथाफाई करने लगा। इमरजेंसी वार्ड में एमएलसी कराने आएं पुलिसकर्मी व मेरे स्टॉफ ने जैसे-तैसे युवक को बाहर किया और हमने उस महिला का इलाज शुरू किया। पेट से जहर निकालने के लिए नाक में नली डाल रहे थे, तब उस युवक ने फिर से इमरजेंसी गेट तोड़ दिया। पुलिस स्टॉफ ने उस युवक को पकड़ लिया। डॉक्टर ने तुरंत कोतवाली थाने में शिकायत की। कोतवाली थाना टीआई सौरभ पांडे ने बताया विवाद करने वाले युवक सत्यम केवट के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का अपराध दर्ज किया है। उसे जेल भेज दिया गया है।

## खानपान में गड़बड़ी करने वाले 12 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज

**इटारसी, देशबन्धु।** अवैध वेंडर्स के लिए कुख्यात रेलवे स्टेशन पर लगातार आरपीएफ द्वारा कार्रवाई करके अनियमितता पाये जाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा स्टाल्स पर भी गड़बड़ी पायी जाने पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे ही आरपीएफ की टीम ने खानपान स्टालों द्वारा रेल नियमों की अनियमितता पाये जाने पर रेलवे सुरक्षा बल इटारसी द्वारा कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 12 लोगों पर मामले दर्ज किये गये हैं। आरपीएफ निरीक्षक एसके बाजपेयी ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार चलेगी।

# माता के दर्शन करने पैदल सलकनपुर जा रहे श्रद्धालुओं के लिए बांट रहे फलहार

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** माता के दर्शन करने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय बाबई पुराना नाका जेल रोड के पास श्रद्धालुओं के लिए फलहार सामग्री बांटने के लिए पंडाल लगाया गया है। यहां सामग्री का वितरण लगभग 5 साल से किया जा रहा है।

प्रतिदिन अलग-अलग उपवास की सामग्री वितरित की जाती है, जो श्रद्धालु थक जाते हैं, उनके लिए टेंट में आराम के लिए व्यवस्था की गई है और खानपान के लिए शुद्ध रूप से फलहार नमकीन, खिचड़ी के अलावा मही, दही के साथ-साथ अन्य फलहार सामग्री श्रद्धालुओं को वितरित की जाती है। आयोजक अधिवक्ता मोहन बैरागी ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए यह काम हर वर्ष किया जाता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पैदल निकलते हैं। हम इन्हें फलहार का वितरण प्रसादी के रूप में देते हैं। 9 दिन भक्ति और भाव के रहते हैं।

उन्होंने कहा कि परिवार के अलावा मित्र भी इस कार्य में भरपूर सहयोग करते हैं। इस मौके पर मोहनदास बैरागी, वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी, हेमंत राजपूत, अभिषेक, रामू चौहान, हरि भई, लाल बाबा, सुशील, शैलेन्द्र मालवीय, हनुमत, संतदी, बिल्लू मालवीय, अफजन, लतीफ, दिनेशशर्मा, सोनू, कल्लू भाई, गोलू, सोनू, अंग्रेज, डॉन प्रॉपटी

**6 साल से कर रहे हैं सेवाः** कार्यक्रम के आयोजक अधिवक्ता मोहन बैरागी ने बताया कि यह क्रम का 6 साल से चल रहा है। सलकनपुर पैदल यात्रियों के लिए फलहार की व्यवस्था पुराने बाबई नाका पर हर साल की जाती है। हजारों की संख्या में यहां सलकनपुर जाने वाले पैदल यात्रियों की सेवा होती है। इस कार्य में अनेक लोग शामिल होते हैं।



**प्रतिदिन देते हैं अलग-अलग फलहारः** सलकनपुर जा रहे श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन नए-नए फलहार की व्यवस्था की जाती है। जिसमें फलों में केला, सेवफल, केले, पपीता के अलावा मौसमी फलों को विशेष रूप से दिया जाता है। वहीं साबूदाने की खिचड़ी के अलावा अन्य फलहार श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जाता है।

## जिला बदर आरोपी को बिना अनुमति राजस्व सीमा में प्रवेश करने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास

**इटारसी, देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निखिल सिंघई, इटारसी द्वारा आरोपी को धारा 14 मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया एवं व्यतिक्रम करने पर 03 माह का अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। जिला अभियोजन अधिकारी राज कुमार नेमा ने बताया कि 04-अगस्त 2017 को आरक्षी केंद्र इटारसी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक संजय रघुवंशी ने अभियुक्त धनपाल को थाना इटारसी के अपराध क्रमांक 152/17 अंतर्गत धारा 294,323,506 भादवि के अंतर्गत पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के पश्चात पता चला कि जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम द्वारा पारित आदेश 20 दिसंबर 2016 को आरोपी को 01 वर्ष की अवधि के लिए जिला नर्मदापुरम तथा उससे लगे सीमावर्ती जिले की राजस्व सीमा से निष्काासित किया गया था। अभियुक्त से अनुमति आदेश पूछे जाने पर उसके पास कोई अनुमति आदेश नहीं पाया गया, तब अभियुक्त के विरूद्ध धारा 14 मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम का अपराध होने के कारण अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 14 मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर, उपरांत अभियोग पत्र पेश किया। शासन की ओर से रविन्द्र अतुलकर, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, इटारसी ने पैरवी की थी।

# गांजा का व्यवसाय करते जिंदा कारतूस रखने वाले 2 आरोपी पुलिस गिरफ्त में




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह के द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन मे जिले मे पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियों को अवैध कामो मे लिप्त असमाजिक तत्वो को चिन्हित करते हुए उनके विरूध्द प्रभावी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया था। आदेश के परिपालन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिनके द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं व्यवसाय करने वाले एवं अवैध देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस रखने वाले 02 आरोपियों को पकड़ा जाकर 01 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 20000 रूपये एवं एक पिस्टल जिसकी मैगजीन मे 01 जिंदा कारतूस व 01 खोका चले राउंड का कीमत 20000 रू जप्त कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजे के परिवहन की एवं अवैध देशी पिस्टल जिंदा कारतूस रखकर घूमने वाले की मुखबिर से सूचना मिलने पर तत्परता से पुलिस टीम गठित की जाकर धरपकड के लिए रवाना की गई। जो यात्री प्रतीक्षालय जाट गुराडिया तिराहा ग्राम चापडाग्रहण के पास घेरा बंदी कर मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आदमी को पकड़ा गया। जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मोहन पिता शिवराम जाट उम्र 47 साल नि जाटगुराडिया का होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। जो एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत आरोपी से 01 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जाम किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं एक टीम द्वारा ग्राम पगढाल में अमलाड़ा रोड पर नहर की पुलिया के पास मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आदमी को पकड़ा गया जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राजकुमार पिता भैरोसिंह खंगार उम्र 23 साल निवासी खंगार मोहल्ला टिमरनी हाल अमलाडाकला का होना बताया जिसकी तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल एवं जिंदा कारतूस होना पाया गया। पिस्टल कारतूस जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# द्वारिकाधीश के दर से निकली अयोध्या के राजकुमार की बारात





- श्रीराम जी की बारात में नगर वासी बने बाराती
- दुलदुल घोड़ी का नृत्य रहा आकर्षण का केन्द्र
- श्रीरामलीला के मंच पर जानकी संग हुआ विवाह

**इटारसी, देशबन्धु।** अयोध्या के राजकुमार श्रीराम की बारात भगवान श्री द्वारिकाधीश के दर से निकली। शहर के लोग बाराती बने। गांधी मैदान में चल रहे श्रीरामलीला दशहरा महोत्सव के अंतर्गत आज श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से राम बारात निकाली। गांधी मैदान में जानकी जी के कन्यादान के लिए मंडप सजाया गया, जिसमें दर्शकों ने जानकी जी का कन्यादान लेकर पुण्य लाभ कमाया।

शाम को साढ़े छह बजे नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की पूजा कर बारात की रवानगी करायी। व्यापारी उमेश अग्रवाल ने भी राम दरबार की पूजा की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा, एमजीएम कालेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, सभापति राकेश जाधव, दीपक अठोत्रा, जयकिशोर चौधरी, मयंक मेहतो, अभिषेक कनोजिया, राहुल चौरे, पार्षद जिमी कैथवास, मनजीत कलोसिया, शुभम गौर, नितिन व्यास, रोहित वेषकर, राजू सिकंदर सहित अनेक गणमान्यजन बारात में शामिल हुए।

## सिंधी समाज ने किया स्वागत

पुराने फल बाजार में पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने पार्षद एवं सिंधी समाज अध्यक्ष धर्मदास मिहानी के नेतृत्व में समाज के सदस्यों ने बारात का स्वागत किया और फलाहारी प्रसाद बांटा। समाज के पदाधिकारियों ने बारातियों का पुष्पमाला पहनाकर भी स्वागत किया।

## इन मार्गों से निकली बारात

श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से प्रारंभ बारात पुराने फल बाजार, शास्त्री मार्केट, आठवी लाइन, सराफा बाजार, नीमवाड़ा होते हुए चिकमंगलूर चौराह, आरएमएस आफिस के सामने से रेस्ट हाउस के सामने से होकर गांधी स्टेडियम पहुंची। जयस्तंभ चौक पर जमकर आतिशबाजी की गई।

## भगवान राम ने तोड़ा शिवजी का धनुष

इससे पूर्व नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा श्रीरामलीला दशहरा महोत्सव गांधी मैदान में भगवान श्रीराम ने सीताजी के स्वयंवर में भगवान शिव का पिनाक धनुष तोड़ा। जैसे ही भगवान ने धनुष भंग किया, वैसे ही गांधी मैदान में जय-जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। धनुष यज्ञ के दौरान रावण-बाणासुर संवाद एवं लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने श्रद्धालुओं को बांधे रखा।

## कल पुरानी इटारसी में निकलेगी श्री राम बारात

वीर सावरकर दशहरा मैदान पर आयोजित हो रही श्री रामलीला में आज श्रीराम बारात निकाली जाएगी। श्री देवी मंदिर से राम बारात वीर सावरकर मैदान पहुंचेगी। समय शाम 6 बजे रहेगा।

मुख्यमंत्री ने मंडला के महाराजपुर, घुघरी और मानिकसरा में चुनावी सभाओं को किया संबोधित, कहा

# गरीब और आदिवासियों की दुश्मन है कांग्रेस



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंडला के महाराजपुर, घुघरी और मानिकसरा में चुनावी सभाओं को किया संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से ही गरीब और आदिवासियों के साथ अन्याय और शोषण किया है। अगर आदिवासियों के साथ किसी ने अन्याय किया और सबसे बड़ा दुश्मन कोई है तो वह कांग्रेस है। कभी सम्मान नहीं किया, समस्या का समाधान नहीं किया। इस दौरान श्री चौहान ने मतदाताओं से प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने जनसभा में कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने सवा साल के कार्यकाल में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान क्यों नहीं दिए। उन्होंने कहा कि मेरी बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के 1 हजार रुपए देना क्यों बंद किए।

श्री चौहान ने कहा कि बीमारू कहे जाने वाला मध्यप्रदेश, भाजपा सरकार में विकसित होकर स्वर्णिम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले 20 सालों में भाजपा शासनकाल के दौरान मध्यप्रदेश सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बना है। पिछले 20 वर्षों में जनता ने भाजपा पर भरोसा दिखाया है, जिसके परिणाम स्वरूप आज प्रदेश देश की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। आज मध्यप्रदेश गरीब कल्याण, महिला उत्थान एवं सम्पूर्ण विकास का मॉडल बन गया है। भाजपा सरकार नागरिकों के लिए जनकल्याण की योजनाएं लाई, जिसके चलते आज मध्यप्रदेश में 1.36 करोड़ से भी ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

मुख्यमंत्री ने घुघरी विधानसभा के ग्राम बिछिया में महिला सम्मेलन में कहा कि, लाड़ली बहना योजना के बाद बहनों की जिंदगी बदल गई है। उन्होंने कहा कि, लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपए की जाएगी। उन्होंने कहा कि, इस धरती पर जो संसाधन है उन संसाधनों पर जिनका हक है उन्हें उनका हक मिलेगा। ये धरती सबकी है, जल, जमीन, जंगल सबका है। कई लोग इसका उपयोग करते हैं और धन कमाते हैं। ऐसे लोगों से टैक्स लूंगा और गरीबों में बाटूंगा।

मंडला में कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र मुख्यमंत्री ने दिया, उन्होंने कहा कि कमल का फूल ही हमारा स्थायी उम्मीदवार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि, घर-घर और बूथ स्तर पर भाजपा की राज्य व केंद्र सरकार के कामों को लेकर जाना है और इस बार फिर से मध्यप्रदेश में कमल खिलाना है, भाजपा की सरकार बनाना है।

## शिवराज का हुआ सम्मान

महिला सम्मेलन और चुनावी सभाओं के दौरान पूरा मंडला शिवराजमय नज़र आ रहा था। मंडला में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्वागत-सम्मान के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई शिवराज का स्वागत करने और झलक पाने के लिए आतुर दिखा। सभाओं में उपस्थित लाड़ली बहनें भी पलक पावड़े बिछाए भैया शिवराज का स्वागत करने के लिए उत्साह से भरी दिखीं।

मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने हाईटेक रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# भाजपा प्रतिदिन 23 सौ रथ सभाएं करेंगी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रतिदिन लगभग 23 सौ रथ सभाओं के माध्यम से भाजपा मतदाताओं के बीच अपनी उपलब्धियां बताएगी। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा 50 हजार रथ सभा के माध्यम से एक करोड़ से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी। इन रथों में एलईडी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ कांग्रेस की नाकामियों पर आधारित वीडियो फ़िल्में भी दिखाई जाएंगी। ऐसे अत्याधुनिक प्रचार रथों को आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी नेताओं के साथ प्रदेश कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता के नाम लिखा पत्र भी जारी किया। रीवा, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर से भी हाईटेक प्रचार रथ रवाना हुए। बताया गया कि अत्याधुनिक रथ हर विधानसभा के हर गांव और प्रत्येक बूथ तक भाजपा के पक्ष में वातावरण बनाएंगे। इन रथों के माध्यम से हर दिन प्रत्येक विधानसभा में लगभग 10 रथ सभाएं अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि विकास के लिए जन कल्याण के लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान करता हूं कि प्रचार रथ हर विधानसभा में जाएंगे। हम सेवा के आधार पर विकास के आधार पर जनता से वोट मांगेगे।

# मध्यप्रदेश के विकास मॉडल के मोदी भी हुए कायल, पत्र लिखकर की तारीफ



भोपाल। मध्यप्रदेश के विकास मॉडल के प्रधानमंत्री मोदी भी कायल हैं, यही वजह है कि उन्होंने अपने पत्र में प्रदेश में बीते 20 सालों में हुए विकास कार्यों की तारीफ की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में पिछले 20 सालों में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा के कामकाज की तारीफ की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि इस दौरान प्रदेश में 5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया। आर्थिक विकास की दर 16 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई, 65 लाख से अधिक घरों में नल से जल, 28 हजार मेगावट ऊर्जा उत्पादन और 1.36 करोड़ से अधिक लोगों का गरीबी रेखा से बाहर आना गर्व की अनुभूति कराता है।

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह केवल 7 बार प्रधानमंत्री रहते हुए प्रदेश के दौरे पर आए थे। उन्होंने अपने 10 सालों में केवल 14 हजार करोड़ मध्यप्रदेश को दिए थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र श्री मोदी के आने के बाद वो मध्यप्रदेश जिसे भाजपा की सरकार ने विकसित राज्य बनाया था, अब सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बन गया है। आज पूरे देश के लिए गरीब कल्याण, महिला उत्थान और समग्र विकास का मॉडल बन गया है।

## हर बूथ पर पहुंचाया जाएगा पत्र

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश की जनता के नाम पत्र लिखा है। इस पत्र के रूप में जो संदेश प्रदेश की जनता को दिया है, उस संदेश को प्रदेश के सभी 64, 523 बूथों के माध्यम से घर-घर पहुंचाया जाएगा। हर बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता जनता से संपर्क करेंगे और इस पत्र के माध्यम से प्रदेश और यहां की जनता के प्रति प्रधानमंत्री की भावनाओं से अवगत कराएंगे।

कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने लगाया आरोप

# प्रदेश में शिक्षा की स्थिति बहाल



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने प्रदेश में शिक्षा की बदहाली पर भाजपा को घेरा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में शिक्षा की स्थिति बदहाल है। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.रागिनी नायक ने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के लिखित जवाब का हवाला देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों के 98 हजार 562 पद रिक्त हैं। उन्होंन बताया कि प्रदेश में 17 हजार 85 स्कूल एक ही शिक्षक के भरोसे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश ऐसे भी स्कूल हैं, जिनमें बिजली नहीं हैं, ऐसे स्कूलों की संख्या तकरीबन 57 प्रतिशत है। प्रदेश में 1 हजार 5 सौ 20 स्कूल ऐसे हैं जहां पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है। 35 हजार8 सौ 85 स्कूलों में हाथ धोने की सुविधा तक नहीं है। 93 हजार 133 स्कूलों में दिव्यांग लड़कों और 94 हजार 2 सौ 38 में दिव्यांग लड़कियों के लिए शौचालय तक नहीं है।

डॉ. रागिनी ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि तकरीबन 95 हजार 102 स्कूलों ' विज्ञान की प्रयोगशाला ही नहीं है। 72 प्रतिशत स्कूलों में मेडिकल की सुविधा भी नहीं है। मध्यप्रदेश के प्रति लाख युवा पर केवल 29 शासकीय कॉलेज हैं, जबकि तमिलनाडु में ये संख्या 40 और कर्नाटक में 62 है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में 95 हजार सीएम राईज सकूल बनाने की घोषणा की थी, लेकिन 2 साल गुजर जाने के बाद भी इन स्कूलों की बिल्डिंग नहीं है, न पर्याप्त शिक्षक हैं। डॉ. रागिनी ने एक अन्य रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि स्कूल स्तर पर बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने में मध्यप्रदेश देश में सबसे पीछे है।

## कांग्रेस के सत्ता में आने पर शुरू होगी 'पढ़ो-पढ़ाओ' योजना

## शिक्षण संस्थाओं की बेहतरी के लिए शिक्षा आयोग का गठन करेंगे

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. रागिनी ने कहा कि छात्र छात्राओं के भविष्य को शिक्षित करने के उद्देश्य से कांग्रेस ने यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही शिक्षा को संवैधानिक अधिकार बनाया था। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 14 वर्ष की आयु तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार मुहैया कराया था।

डॉ. रागिनी ने बताया कि उसी तरह अब कांग्रेस ने 'पढ़ो-पढ़ाओ' योजना के तहत पहली से 12 वीं तक की गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदेश के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रदान करने का वचन दिया है। बच्चों को कक्षावार 5 सौ रुपए से 15 सौ रुपए की सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 से 8 तक 5 सौ रुपए, कक्षा 9 से 10 तक 1 हजार रुपए और कक्षा 11 से 12 तक 15 सौ रुपए की राशि प्रदान करेगी।

डॉ. रागिनी ने कहा कि शिक्षा के व्यवसायीकरण को रोकने व पाठ्यक्रमों में सुधार के लिए, लचर शैक्षणिक व्यवस्था की बेहतरी के लिए हम शिक्षा आयोग का गठन करेंगे। छात्रवृति के भुगतान का अधिकार अधिनियम लागू करेंगे। अंग्रेजी माध्यम के राज्य नवोदय विद्यालय शुरू करेंगे, इनमें कम्प्यूटर लैव की सुविधा होगी। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. रागिनी ने कहा कि प्रदेश में विदेशी विश्वविद्यालय ट्रायबल विश्वविद्यालय, महिला विश्वविद्यालय, हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय और डॉ.भीमराव अम्बेडकर राज्य विधि विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। ई-लर्निंग प्लेटफार्म विकसित की जाएगी और युवाओं को निःशुल्क वाई-फाई, शैक्षणिक सुविधाएं तथा सरलता से उच्च शिक्षा के ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेंगे। डॉ. रागिनी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा की तहर व्यवसायिक शिक्षा का केन्द्र बनाने की बात भी कही।

# आध्यात्मिक गुरु सुशील झोकरकर का निधन

**देवास,देशबन्धु।** भगवान राम के अनन्य उपासक और श्रद्धालुओं के बीच गुरु महाराज के रूप में देश-विदेश में प्रसिद्ध रहे सुशील झोकरकर का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निवास पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे और उनके अंतिम दर्शन किए। गुरुजी की अंतिम यात्रा उनके कालानी बाग स्थित निवास से प्रारंभ हुई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनकी पार्थिव देह पंचतत्वों में विलीन हुई।

श्री झोकरकर भक्तों के बीच एक सक्षम गुरु तथा एक ख्यात आध्यात्मिक हस्ती के रूप में जाने जाते थे। वे भक्ति मार्गी थे। करीब 40 सालों से भगवान राम की साधना में लीन थे। उन्होंने हज़ारों दुखी और परेशानियों में घिरे लोगों की बिना शर्त मदद की। यही वजह थी कि देश ही नहीं, बल्कि विदेश से भी लोग उनके पास अपने दुःख-दर्द लेकर आते थे। उनके द्वारा संकलित और प्रकाशित पुस्तक 'सत्संग का प्रसाद' भक्तों के बीच काफी प्रसिद्ध हुई, जो लोगों के लिए जीवन दिशा-निर्देश का कार्य करती है।

## नायडू ने घोटालों का शासन चलाया

**कुरनूल ( आंध्र प्रदेश ) एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि तेलुगू देशम पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घोटालों का शासन चलाया और समाज के सभी वर्गों को धोखा दिया। मुख्यमंत्री ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेदेपा शासन के दौरान जन्मभूमि समितियों से लेकर कौशल विकास से लेकर फाइबर ग्रिड तक, सभी जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला था, जबकि नायडू समान बजट होने के बावजूद कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में विफल रहे।

## 'बागी' मंत्री धारीवाल की उम्मीदवारी खारिज की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी पिछले साल 25 सितम्बर की घटना को नहीं भूले हैं, जब राजस्थान में पार्टी विधायकों के एक गुट की बगावत के कारण पार्टी के पर्यवेक्षकों को कांग्रेस विधायक दल की बैठक किए बिना राष्ट्रीय राजधानी लौटना पड़ा था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बुधवार सुबह जब कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई, तो गांधी परिवार के साथ-साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। सूत्र ने बताया कि जैसे ही शांति धारीवाल का नाम चर्चा में आया, सोनिया गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए पूछा कि उनका नाम सूची में कैसे है। सूत्र ने कहा कि जैसा कि गहलोत ने सोनिया गांधी को यह बताना चाहा कि धारीवाल साफ छवि वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं, राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री की बात टाल दी और कहा कि उन्हें भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान चरण के दौरान धारीवाल के खिलाफ कई शिकायतें मिली हैं।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बनाए गए ओडिशा के राज्यपाल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का नया राज्यपाल बनाया गया है। वे निवर्तमान राज्यपाल दास गणेशी लाल की जगह लेंगे। इसके अलावा इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को सत्यदेव नारायण आर्य की जगह त्रिपुरा का नया राज्यपाल बनाया गया है। यह जानकारी बुधवार देर शाम राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। बतादें कि रघुवर दास झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। उन्हें ओडिशा का राज्यपाल बनाकर मौजूदा जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। वे 2014 से 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री थे। वह भाजपा के टिकट से चार बार जीतकर विधायक भी बने थे।यही नहीं अर्जुन मुंडा सरकार में वे 30 दिसम्बर 2009 से 29 मई 2010 तक सूबे के उप मुख्यमंत्री भी रहे। वहीं इंद्र सेना रेड्डी नल्लू तेलंगाना भाजपा के वरिष्ठ नेता के साथ ही प्रदेश के राष्ट्रीय महासचिव भी थे। वे तीन बार विधायक रहने के साथ ही आंध्रप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

कांग्रेसजनों ने किया जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री का किया पुण्य स्मरण, बोले

# ईमानदार और सिद्धांतवादी नेता थे प्रकाशचंद्र सेठी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर सहित कांग्रेस नेताओं ने स्वर्गीय प्रकाशचंद्र सेठी की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि श्री सेठी वास्तविक ईमानदार नेता थे, केंद्र में पेट्रोलियम, इंडस्ट्रीज सहित तमाम मंत्रालयों में रहकर उन्होंने देश और प्रदेश की जनता की सेवा की। वे राजनीति में ईमानदारी का प्रत्यक्ष प्रमाण थे।

वह आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय प्रकाशचंद्र सेठी की 96 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री होने के बाद भी उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय रही, रहने के लिए एक मकान तक नहीं था, उनकी आर्थिक एवं पारिवारिक वित्तीय स्थिति को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री को केबिनेट का दर्जा दिये जाने की पहल कर प्रस्ताव केबिनेट में पारित कराया। इसके पहले कांग्रेसजनों ने स्व. श्री सेठी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने भी स्वर्गीय श्री सेठी के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष जे.पी. धनोपिया ने कार्यक्रम का संचालन किया और अंत में आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गुरमीत सिंह मंगू, दीपचंद यादव, जितेन्द्र मिश्रा, अब्बास हफीज, अवनीश बुंदेला, शहरयार खान, संतोष सिंह परिहार, रवि वर्मा, मिथुन अहिरवार, विक्की चौहान, अपराजिता पांडे, हृदेश किरार, हैदरयार खान, शहाना हसन, श्वेता पटेरिया, सै. मुजफ्फर अली, मुईनउद्दीन सिद्दीकी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# बुंदेलखंड में एक ही परिवार के 3 सदस्य चुनावी मैदान में

***भोपाल, देशबन्धु ।*** *मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में परिवारवाद को भी मुद्दा बनाने की कोशिश हो रही है, मगर बुंदेलखंड में एक ही परिवार के तीन सदस्यों को चुनावी मैदान में उतार दिया गया है। मां और बेटी को जहां समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है, तो वहीं इसी परिवार के एक सदस्य को कांग्रेस ने मैदान में उतारा है।*

*राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है, और तमाम राजनीतिक दलों में उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग रही है। भाजपा जहां 136 उम्मीदवारों के नाम तय कर चुकी है, वहीं कांग्रेस 144 उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा चुकी है। इसके अलावा सपा ,बसपा भी उम्मीदवारों के नाम का फैसला कर रही है।*

*परिवारवाद की झलक बुंदेलखंड में देखने को मिली है, जहां एक ही परिवार से नाता रखने वाले तीन सदस्य चुनाव मैदान में है। सपा की ओर से घोषित किए गए नामों में मां-बेटी का नाम है। झांसी के गरौठा से पूर्व विधायक दीप नारायण यादव की पत्नी मीरा यादव को निवाड़ी से सपा ने उम्मीदवार बनाया है, तो उनकी बेटी शिवांगी को पृथ्वीपुर से पार्टी ने मैदान में उतारा है। इसके अलावा इसी परिवार से नाता रखने वाले और गरौठा निवासी चरण सिंह यादव को कांग्रेस ने बिजावर से उम्मीदवार बनाया है।*

*ऐसा नहीं है कि मध्यप्रदेश में एक परिवार से तीन या चार सदस्य राजनीति के साथ निर्वाचित जनप्रतिनिधि न हो। कांग्रेस पर हम गौर करें, तो दिग्विजय सिंह राज्यसभा में है, उनके पुत्र जयवर्धन सिंह विधायक हैं, भाई लक्ष्मण सिंह विधायक है और रिश्तेदार प्रियव्रत सिंह भी विधायक हैं। इसके अलावा कमलनाथ विधायक हैं और उनके पुत्र नकुल नाथ सांसद हैं, लेकिन यह पहला ऐसा मौका है कि दूसरे राज्यों से नाता रखने वाले एक परिवार के तीन सदस्य मध्य प्रदेश और खासकर बुंदेलखंड में ताल ठोकते नजर आ रहे हैं।*

*राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सपा की राजनीति पूरी तरह एक जाति विशेष पर केंद्रित रहती है और वह उम्मीदवारी तय करने में भी दिखाई देती है साथ ही उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे हुए क्षेत्र में सपा का प्रभाव भी है । इसी के चलते पार्टी ने एक परिवार के दो सदस्यों यानी मां-बेटी को मैदान में उतारा है और कांग्रेस ने चरण सिंह को उम्मीदवार बनाया है।*

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव

# भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

## मोदी-शाह सहित 40 नेताओं के हैं नाम

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भाजपा ने छत्तीसगढ़ में पहले चरण के तहत मतदान वाले विधान सभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, ओम माथुर, स्मृति ईरानी, अर्जुन मुंडा, अनुराग ठाकुर, ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, धर्मेंद्र प्रधान, मनसुख मंडाविया, वीरेंद्र कुमार खटीक, रामेश्वर तेली, बाबूलाल मरांडी, रविशंकर प्रसाद, सरोज पांडेय, बी.संजय कुमार, अजय जामवाल, नितिन नवीन, मनोज तिवारी, नित्यानंद राय, बृजमोहन अग्रवाल और रवि किशन सहित 40 नेताओं को पहले चरण के चुनाव के लिए अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के तहत राज्य की 20 विधान सभा सीटों पर 7 नवंबर को वोटिंग होनी है। दूसरे चरण में 17 नवंबर को बाकी बची 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि, हमें छत्तीसगढ़ में तीन दिवाली मनानी है, पहली त्योहार वाली, दूसरी दिवाली 3 दिसंबर को जब सरकार कमल की बनेगी तब और तीसरी दिवाली जब अयोध्या में जनवरी में श्रीराम का मंदिर बनेगा तब प्रभु के ननिहाल में दिवाली मनेगी। शाह गुरुवार को जगदलपुर और कोंडागांव में सभा को संबोधित कर रहे थे।

# ईडी को धारा 50 में गिरफ्तारी का अधिकार नहीं

## दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, इसमें एजेंसी को समन जारी करने का अधिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को समन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में गिरफ़्तार करना शामिल नहीं है। न्यायमूर्ति अनुप जयराम भंभानी ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। मित्तल ने उस ईसीआईआर से निकलने वाली सभी कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की।न्यायमूर्ति भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 50 में गिरफ्तारी की शक्ति निहित नहीं है। ईडी के अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार तभी मिलेगा, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों। उन्होंने कहा कि समन जारी करने, दस्तावेज पेश करने और बयान दर्ज करने की शक्ति, जो एक सिविल कोर्ट की शक्तियों के समान है, पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी की शक्ति से अलग है। पीएमएलए अधिनियम की धारा 19 अधिकृत अधिकारियों द्वारा पालन किए जाने वाले अंतर्निहित सुरक्षा उपायों का प्रावधान करती है, जैसे कि मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में व्यक्ति की संलिप्तता के संबंध में विश्वास के कारणों को लिखित रूप में दर्ज करना और गिरफ्तार किए जाने वाले व्यक्ति को इसके आधारों के बारे में सूचित करना।

## चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 1 नवम्बर तक बढ़ी

विजयवाड़ा। विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने गुरुवार को कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 1 नवम्बर तक बढ़ा दी। नायडू को राजमुंड्री सेंट्रल जेल से वर्चुअली कोर्ट में पेश किया गया। जज ने हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। नायडू ने जज से कहा कि उन्हें जेल में अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका है। जज ने उनसे यह बात लिखित में देने को कहा। जज ने जेल अधिकारियों को नायडू द्वारा लिखे जाने वाले पत्र को अदालत के सामने रखने का निर्देश दिया। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष ने न्यायाधीश को अपने सामने आ रही स्वास्थ्य समस्याओं से भी अवगत कराया। जज ने जेल अधिकारियों को चंद्रबाबू नायडू की मेडिकल रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने जेल अधिकारियों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति और उनके इलाज के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी ली।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।